नई दिल्ली

बुधवार, 22 मई 2024

वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 41
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




09 एलिमिनेटर : राजस्थान के सामने आत्मविश्वास से लबरेज आरसीबी की कठिन चुनौती




## दिल्ली पुलिस में शामिल हुए 1417 नए कांस्टेबल

- 1266 ड्राइवर और अन्य एग्जीक्यूटिव पद पर भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अकादमी वजीराबाद में मंगलवार को 1417 नए कांस्टेबल की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें 1266 ड्राइवर और अन्य एग्जीक्यूटिव पद पर दिल्ली पुलिस में शामिल हुए। यह अब तक का सबसे बड़ा ड्राइवर बैच माना जा रहा है। 151 कांस्टेबल एग्जीक्यूटिव में 35 महिला कांस्टेबल शामिल हैं।

स्पेशल पुलिस कमिश्नर (एचआरडी) एसके गौतम ने परेड की सलामी ली और सभी नवनियुक्त कांस्टेबलों को बधाई दी। उन्हें समर्पण और निष्ठा के साथ सेवा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इसके साथ ही उन्होंने राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। भर्ती हुये कांस्टेबलों में से 122 पोस्ट ग्रेजुएट और 788 ग्रेजुएट हैं। जबकि टेक्निकल पढ़ाई कर चुके कांस्टेबलों की संख्या 58 है। इन कांस्टेबलों को नए कानूनों के अलावा राजधानी दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर स्थापित करने के टिप्स भी दिये गये हैं। इसके अलावा ट्रैफिक रूल्स, कंप्यूटर तभी किसी भी इमरजेंसी स्थिति में फर्स्ट एड कैसे दिया जाता है, उसके बारे में भी अलग से ट्रेंड किया गया है। ड्राइवरों में कांस्टेबल नीरज का प्रदर्शन ट्रेनिंग के दौरान सर्वश्रेष्ठ रहा। वहीं एग्जीक्यूटिव ग्रुप में कांस्टेबल सपना रावत सर्वश्रेष्ठ रहीं।

### 20 साल बाद मैनपुरी में छोलू भटूरे की दुकान चलाता पकड़ा

# अपहरण के बाद कारोबारी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 2004 में करवाचौथ के दिन एक कारोबारी को अगवा कर हत्या के मामले में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिपाहीलाल उर्फ गुरदयाल (41) मैनपुरी का रहने वाला है। वह 20 साल से फरार चल रहा था। आरोपी अपनी पहचान बदलकर छोलू भटूरे की दुकान चला रहा था।

डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार 2004 में सिपाहीलाल ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अनाज कारोबारी रमेश गुप्ता को अगवा कर लिया था। आरोपी फिरौती वसूलना चाहते थे लेकिन किन्हीं कारणों से कॉल नहीं कर सके थे। इसके बाद उन्होंने चाकू मारकर कारोबारी की हत्या कर दी थी। लाश को एक गंदे नाले में फेंक दिया गया था। उनकी कार बहादुरगढ़ में लावारिस मिली थी। यह वारदात करवाचौथ वाले दिन हुई थी। कारोबारी रमेश चंद शकरपुर स्थित अपने घर से सेंट्रो कार से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौट सके थे। उनसे कोई संपर्क नहीं होने पर पीड़ित परिजनों ने शालीमार बाग थाने में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में सबसे पहले मुकेश वत्स को पकड़ा था। उससे पूछताछ के बाद पूरा मामला खुल गया। उसने बताया कि सिपाही लाल, शरीफ खान, कमलेश और राजेश के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मुकेश वत्स आजादपुर मंडी में सब्जी कारोबार करता था। जबकि शरीफ खान, कमलेश, राजेश और सिपाही लाल उसके कर्मचारी थे। इन्होंने रमेश चंद गुप्ता को मिलने के लिए बुलाया था और फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या कर दी। अपहरण करने के बाद उन्हें कराला गांव के एक कमरे में ले जाया गया था। वहां कारोबारी के चेहरे पर स्प्रे फेंका प्रताड़ति किया गया। इस वजह से वह कई बार बेहोश भी हो गए थे। आखिर में उन पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद बोरी में लाश डाल उसे कराला गांव में ही एक गंदे नाले में फेंक दिया था। जांच के दौरान मुकेश वत्स, शरीफ खान और कमलेश को अरेस्ट कर लिया गया था। जबकि आरोपी सिपाही लाल और राजेश फरार थे। पकड़े जा चुके आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस आरोपी को मैनपुरी से दबोचा गया।

### मामा की हत्या के बाद फरार चल रहा 50 हजार का इनामी दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की आरके पुरम पुलिस ने हत्या के केस में 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। इस पर अपने ही मामा की हत्या का आरोप है। आरोपी को उस समय अरेस्ट किया गया जब वह आरके पुरम बाजार में पिस्टल लेकर घूम रहा था। हत्या की वारदात लोनी इलाके में सामने आई थी। डीसीपी रोहित मीना ने बताया कि आरोपी का नाम पवन भाटी है। वह यूपी के लोनी बेहटा हाजीपुर का रहने वाला है। 18 मई को आरके पुरम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पिस्टल लेकर बाजार में घूम रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल व दो कारतूस मिले। पूछताछ में उसने बताया कि 11 मई को लोनी के पाइप लाइन रोड पर टीला के रहने वाले अपने मामा विक्रम मावी की संपत्ति विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। उसके बाद सात-आठ राउंड फायरिंग कर दहशत भी फैलाई गई थी। गाजियाबाद पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। इसके खिलाफ पांच केस दर्ज पाये गये हैं।

## कन्हैया कुमार के साथ मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी है कन्हैया
- न्यू उस्मानपुर पुलिस की कार्रवाई

उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया के साथ 17 मई को मारपीट व स्याही फेंकने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम न्यू उस्मानपुर निवासी अजय कुमार बताया गया है। घटना उस वक्त हुई थी जब कन्हैया न्यू उस्मानपुर चौथे पुश्ता इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे। घटना का वीडियो भी काफी वायरल हुआ था। वीडियो में कार्यकर्ता आरोप लगा रहे थे कि भारत के टुकड़े-टुकड़े का नारा लगाने वालों का यही हाल करेंगे। देश का अपमान वह किसी कीमत पर नहीं सहेंगे।

सूत्रों का कहना है कि इस मामले में मुख्य आरोपी दक्ष चौधरी है, जो अभी फरार है। इस मामले में पार्षद छाया शर्मा ने न्यू उस्मानपुर थाने में लिखित शिकायत दी थी। आरोप लगाया था कि उनके कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक थी। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार आए हुए थे। बैठक खत्म होने पर जब सब लोग बाहर जाने लगे तभी कुछ लोग आए और कन्हैया कुमार को पीटने लगे। उनके साथ भी बदसलूकी की गई थी।

## जेएनयू में सफाई कर्मचारी ने पेड़ से लटककर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) में विजय (55) नामक शख्स ने पेड़ से लटक खुदकुशी कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भिजवाया गया है। मृतक जेएनयू में सफाई कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। घटना मंगलवार दोपहर करीब दो बजे सामने आई।

पुलिस के अनुसार पीसीआर कॉल के जरिये सूचना दी गई थी कि जेएनयू में काम करने वाले एक सफाईकर्मी ने फांसी लगा ली है। यह पता चलने पर पुलिस जेएनयू पश्चिमाबाद स्थित एक बहुमंजिला इमारत के पास पहुंची, जहां पेड़ पर एक शख्स लोहे की चेन के जरिए लटका मिला। मृतक विजय कुसुमपुर पहाड़ी का रहने वाला था। वह जेएनयू में स्थायी तौर पर सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत नहीं था। घटना के बाद पुलिस ने क्राइम और फॉरेन्सिक टीम को बुलाकर मौके पर जांच करवायी। किस वजह से अधेड़ उम्र के शख्स ने जान दी है, इसे लेकर मृतक के परिजनों और जेएनयू स्टाफ से पूछताछ की जा रही है।

## पारे में मामूली गिरावट, तेज हवाएं चली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आईएमडी का अगले चार दिन के लिए रेड अलर्ट जारी

दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी में उबल रही है, पारा 45-47 डिग्री से भी पार दर्ज हो रहा है। यही हालात अभी कई दिन बने रहेंगे। ऐसे में मंगलवार को दिल्ली में तेज हवाओं व सूरज के रूख में मामूली नरमी के चलते मामूली राहत दिखाई दी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मामूली राहत के साथ पारा 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। दिल्ली में सुबह से ही पूर्वी तेज हवाएं बहती रही। दिन के समय आसमान पर सूरज के तेवर गत दिनों की तुलना में मामूली नरम दिखे। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को दिल्ली में कहीं भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक नहीं पहुंचा। जबकि सोमवार तक लगातार दिल्ली में अधिकतम पारा 45-47 डिग्री व इससे भी ऊपर दर्ज हो रहा था। जिसके चलते दिल्ली कई गर्म प्रदेशों से ज्यादा गर्म दर्ज हो रही थी। आज की नरमी के बावजूद आईएमडी ने अनुमान बताते हुए अगले चार दिन के लिए रेड अलर्ट यानी भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। वहीं मौसम वैज्ञानिक हरीश साल्वे का कहना है कि अभी आने वाले करीब 10-15 दिन ऐसे ही भीषण गर्मी व झुलसाने वाली लू के हालात बने रह सकते है। यानी कहा जा सकता है कि जून के प्रथम सप्ताह तक दिल्ली वालों को मौसम की मार झेलनी पड़ेगी। उसके बाद ही कुछ राहत की उम्मीद की जा सकती है। साथ दिल्ली में प्री मानसून वर्षा से मामूली राहत भी उसके बाद ही संभव हो सकती है। बता दें कि इस समय दिल्ली एनसीआर में जबरदस्त गर्मी ने लोगों का घरों से निकलना मुहाल कर रखा है। दोपहर बाद सड़के सुनसान सी हो जाती है। बहुत जरूरत होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे है। अत्याधिक गर्मी की वजह से लोगों को विभिन्न रोगों का सामना भी करना पड़ रहा है।

### बिजली की मांग ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड, 7,717 मेगावाट विद्युत फूंकी

दिल्ली में बिजली की खपत ने मंगलवार को पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भीषण गर्मी के बीच दिल्ली वालो ने अब तक एक दिन में सबसे ज्यादा बिजली फूंकने का नया रिकॉर्ड 7,717 मेगावाट बनाया है। वास्तविक समय पर दिल्ली में बिजली की मांग की जानकारी देने वाली दिल्ली स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग पिछले सभी आंकड़ों से ऊपर चली गयी है। एसएलडीसी पर दिखाए गए आंकड़ों के अनुसार 21-5-2024 को अपराह्न 3.33 बजे बिजली की अधिकतम मांग 7 हजार 717 मेगावाट के अब तक के सबसे उच्च रिकॉर्ड पर पहुंच गयी। जबकि इससे पहले, दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 29 जून, 2022 को रिकॉर्ड 7 हजार 695 मेगावाट दर्ज हुई थी। इस बारे में निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि एसएलडीसी के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम मांग 7 हजार 717 मेगावाट दर्ज हुई, जो अब तक की सबसे ज्यादा खपत है। उन्होंने बताया कि इस मांग में बीएसईएस की इकाई बीआरपीएल आपूर्ति क्षेत्र में 3404 मेगावाट और बीवाईपीएल क्षेत्र में मांग 1728 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग दर्ज हुई जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कामत ने बताया कि एक दिन पहले यानी 20 मई 2024 को दिल्ली में अधिकतम बिजली मांग 7572 मेगावाट दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 29 जून, 2022 को दिल्ली की सबसे अधिक बिजली की मांग 7695 मेगावाट दर्ज की गई थी। जिसे आज तोड़ दिया गया और नया रिकॉर्ड 7 हजार 717 मेगावाट दर्ज हुआ। वहीं दिल्ली में लगातार चौथे दिन दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 7000 मेगावाट के पार ही दर्ज होती रही है। कामत ने बताया कि कंपनी का अनुमान है कि इस वर्ष बिजली की मांग 8 हजार मेगावाट तक पहुंच सकती है। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है। कंपनी ने पहले ही अनुमान के अनुसार पर्याप्त बिजली की व्यवस्था कर रखी है।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी बन क्रेन से वाहनों को उठाकर कबाड़ में बेचते थे, तीन पकड़े



- आरोपियों में दो स्क्रैप डीलर भी शामिल
- बीएमडब्ल्यू कार की बॉडी पार्ट्स बरामद
- वसंतकुंज नार्थ इलाके का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चोरों ने वाहन चोरी का एक नया तरीका इजाद किया है। इसमें बदमाश ट्रैफिक पुलिसकर्मी की वर्दी पहनकर टारगेट वाहन को क्रेन से सरेआम उठा ले जाते है और फिर उन्हें कबाड़ी को बेच देते है। ऐसे ही एक रैकेट के तीन बदमाशों को वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस ने अरेस्ट किया है। इनमें दो स्क्रैप डीलर हैं। आरोपियों के पास से ट्रैफिक पुलिस की वर्दी, तीन चोरी की कार के बॉडी पार्ट्स, एक बाइक समेत अन्य सामान जब्त किया गया है। गिरफ्तार लोगों के नाम विकास (29) निवासी कुसुमपुर पहाड़ी, स्क्रैप डीलर महेंद्र सिंह (55) निवासी पीतमपुरा और रोशन (24) निवासी मायापुरी है।

डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार 15 मई को वसंतकुंज नार्थ थाने में एक लग्जरी कार चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। एक शख्स ट्रैफिक पुलिस की वर्दी पहन क्रेन की मदद से कार को खींचकर ले जाता नजर आया। पुलिस ने सबसे पहले क्रेन और उसके ऑपरेटर की पहचान की। जांच में पता चला कि एक शख्स ने कंझावला में स्क्रैप यार्ड में वाहन ले जाने के लिए क्रेन बुक की थी। इसके बाद पुलिस ने कंझावला में रेड की और कार खरीददार महेन्द्र सिंह को पकड़ा। चोरी की कार की बॉडी पुलिस उसकी निशानदेही पर बरामद कर ली। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से कुसुमपुर पहाड़ी में रेड कर आरोपी विकास को दबोचा गया। बाद में दूसरे स्क्रैप डीलर को भी अरेस्ट कर लिया गया। विकास ने पूछताछ में बताया कि वह एक जिम ट्रेनर है। उसने दोस्तों से रुपए उधार लेकर जिम खोला था। लॉकडाउन में जिम बंद हो गया था। कई लोगों का कर्ज बढ़ता जा रहा था। उसके दिमाग में वाहन चोरी का आइडिया आया। इसके लिये उसने दिल्ली कैंट एरिया से ट्रैफिक पुलिस की वर्दी खरीदी और उसकी आड़ में वसंत विहार, लोधी कॉलोनी और महिपालपुर से वाहनों को उठाने का काम शुरू कर दिया। वह महेन्द्र को चोरी के वाहन बेचता था। महेन्द्र वाहनों को स्क्रैप कर रोशन को पुर्जे पुर्जे कर बेचता था।


### गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम मुस्कान करण **D/o** वीरेन्द्र कुमार **R/o** ए-67, गांव कोंडली, पंचायत घर कोंडली के पास, दिल्ली **उम्र** 16 साल जो कि 22.04.2024 को करीब शाम 5 बजे से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No.256/2024 u/s 363 IPC दिनांक 25.04.2024** थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:



मुस्कान करण

**रंग:** सांवला, **कद:** 5'2", **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, **बाल:** काले, **पहचान:** बायीं भौंह पर पुराने कट का निशान, जिसने मेहरून/क्रीम रंग का सूट-सलवार और सैंडल पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष न्यू अशोक नगर, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/-
थानाध्यक्ष: न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोन: 011-22610839, 22610954
मो.: 8750870631, 9891885540

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./4983/पूर्वी जिला/2024


## स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी पूंजी है : कुलपति

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। अगर हम स्वस्थ नहीं हैं तो सब कुछ होते हुए भी हम बेनूर हैं। स्वस्थ रहने के लिए यह जरूरी है कि हम समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच कराते रहें। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी नई तकनीकों के आने से अब हेल्थ स्क्रीनिंग की प्रक्रिया आसान हो गई है। आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करने के दौरान यह बात कहीं। यूनिवर्सिटी के अनुसार आईपी यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण निदेशालय ने स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था 'हील फ़ाउंडेशन' के साथ मिलकर एक हेल्थ स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया। हेल्थ स्क्रीनिंग के लिए 'इंडिया हेल्थ लिंक' का प्रयोग किया गया जिससे सिर्फ़ पांच मिनट में तक़रीबन 20 टेस्ट किए जा सकते हैं। इन टेस्ट में बॉडी-मास इंडेक्स, बोन-मिनरल कांटेंट, बॉडी फ़ैट, ईसीजी, प्रोटीन कांटेंट, आदि शामिल हैं। इस अत्याधुनिक डिजिटल मशीन के ज़रिए इन टेस्ट की सटीकता से स्क्रीनिंग संभव है।

## पूर्व पीएम राजीव की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित सादा कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अन्य ने उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यादव ने कहा कि देश प्रेम और बलिदान का दूसरा नाम राजीव गांधी है। देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले राजीव को भारत देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि देश में संचार क्रांति के जनक, दूरदर्शी सोच व नीतियों तथा तकनीकी क्षेत्र में कम्प्यूटर क्रांति राजीव गांधी की ही देन है कि आज इंडिया दुनिया भर में डिजीटल क्षेत्र में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दे रहे है, मैं बता देना चाहता हूँ कि राजीव गांधी पहले चुनाव में 400 से अधिक सीट प्राप्त करके देश के युवा प्रधानमंत्री बने थे।

## गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों में रोष, कई क्षेत्रों के उपभोक्ता सड़कों पर उतरने को तैयार

**नई दिल्ली।** इन दिनों दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच कई क्षेत्रों में लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। एक एक बूंद को तरस रहे उपभोक्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अपील के साथ ही चेतावनी दी है कि अगर आपूर्ति नहीं सुधरी तो सड़कों पर उतरना ही पड़ेगा। बाधित जलापूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में उत्तम नगर, मटियाला, दिचाऊ गांव, नीलवाल गांव, नजफगढ़, बरवाला, नवादा, अलीपुर, कादीपुर, समयपुर, बादली, भलस्वा डेयरी, नानक कॉलोनी, इंद्रप्रस्थ कालोनी, प्रधान एंक्लेव, संत नगर, जहांगीरपुरी, मल्कागंज, तिमारपुर, बुध विहार, बिहारी कॉलोनी, श्यामलाल कॉलेज के नजदीकी क्षेत्र, गंगा विहार, भजनपुरा, करावल नगर, सीलमपुर, खुरैजी आदि शामिल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस भीषण गर्मी के बावजूद केजरीवाल सरकार पीने का पानी तक नहीं दे पा रही है। जबकि सीएम केजरीवाल दावे फ्री बिजली पानी देने का करते है। उत्तम नगर निवासी पंडित दीनदयाल शर्मा ने कहा कि यहां दर्जनों कालोनियां है, बावजूद पीने का पानी सुचारू रूप से आपूर्ति नहीं होता। लोगों द्वारा पानी नहीं आने की शिकायतों पर जल बोर्ड के एक आला अधिकारी ने कहा कि गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है। ऐसे में पीने के पानी की मांग बहुत बढ़ गई है। बावजूद इसके डीजेबी हर संभव साफ सुथरा पानी आपूर्ति करने की कोशिश कर रहा है। अधिकारी के अनुसार दिल्ली के सभी संयंत्र अपनी पूरी क्षमता के साथ कच्चे पानी का शोधन कर रहे है। घरों से पीने के पानी के सैंपल उठाए जा रहे है और उनकी लेब के माध्यम से जांच होती है। अधिकारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या बताई जा रही है वहां गहराई से निरीक्षण करवाकर हल निकाला जाएगा।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय सिंह राठौड़, पता: एच-158, कुंवर सिंह नगर, रंहोला, नांगलोई, पश्चिम दिल्ली-110041** ने **FIR No. 329/18, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय सिंह राठौड़** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय सिंह राठौड़** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 329/18, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **विजय सिंह राठौड़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।


**आदेशानुसार**
**श्री ईब्बानी अग्रवाल**
**महानगर दंडाधिकारी (उत्तर पश्चिम), कमरा सं. 107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5912/RD/2024**


### 2016 से नहीं मिला है सातवें वेतन आयोग के लागू होने का बकाया

# अपने बकाये और एरियर के लिए परेशान हो रहे हैं कर्मचारी : इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी अपने बकाये और एरियर के लिए परेशान हो रहें हैं। उन्हें 2016 से सातवें वेतन आयोग के लागू होने का बकाया नहीं मिल पाया है। साथ ही सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को भी उनका हक नहीं मिल पा रहा है। दिल्ली दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को यह बयान जारी कर दिल्ली नगर निगम महापौर डॉ शैली ओबरॉय पर निशाना साधा है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि उनसे रोज कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी समस्याएं लेकर आते हैं लेकिन दिल्ली नगर निगम की महापौर और नेता उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इतना ही नहीं महापौर भी अब लोगों की समस्याएं सुनने की बजाय चुनावी प्रचार में लगी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में सातवें वेतन आयोग की सिफारिशे भाजपा शासित नगर निगम ने लागू की थी। उस समय में नगर निगम की खराब आर्थिक स्थिति दिल्ली सरकार के निगम के साथ सौतेले व्यवहार के चलते खराब हो रखी थी। इसी वजह से निगम को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करने और समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने निगमों का एकीकरण कर 2022 में दिल्ली नगर निगम बनाई थी। पर आप ने एक तारीख को कर्मियों के वेतन से लेकर दिल्ली में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करने, बकाया और एरियर देने जैसी दस झूठी गारंटी देकर नागरिकों को भ्रमित करने का प्रयास किया।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम के चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने दस गारंटी दी थी लेकिन डेढ़ साल का समय आप को निगम की सत्ता में हुए हो गया है और एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। इसलिए दिल्ली नगर निगम के वर्तमान कर्मचारी और सेवानिवृत कर्मचारी इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के खिलाफ वोट करने का मन बना चुके हैं।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण / ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | हांसी कस्बा :- हांसी कस्बा जिला हिसार में सुपर सकर डि-सिल्टिंग मशीन द्वारा साफ किए जाने वाली विभिन्न आकार की सीवर लाइन्स की सफाई, 'आकार 800 मिमी और 900 मिमी सीवर लाइन्स की सुपर सकर मशीन द्वारा सीवर लाइन्स की गाद निकालना और डायवर्जन और लेजर प्रोफाइलर द्वारा सीसीटीवी सर्वे का प्रावधान और उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य।' | 18.05.2024 23.05.2024 | 253.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468327031 eehansi@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | हांसी कस्बा :- हांसी कस्बा जिला हिसार में सुपर सकर डि-सिल्टिंग मशीन द्वारा साफ किए जाने वाली विभिन्न आकार की सीवर लाइन्स की सफाई, 'आकार 400 मिमी, 450 मिमी, 500 मिमी, 600 मिमी सीवर लाइन्स की सुपर सकर मशीन द्वारा सीवर लाइन्स की गाद निकालना और डायवर्जन और लेजर प्रोफाइलर द्वारा सीसीटीवी सर्वे का प्रावधान और उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य।' | 20.05.2024 27.05.2024 | 92.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468327031 eehansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/80/26368/I/88/7 दि. 21.05.24

नई दिल्ली

बुधवार, 22 मई, 2024

वैशाख मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 41

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 43

न्यून. 31


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**सोना पहली बार 74 हजार के पार**

## चांदी 92,444 रु. पर, ऑल टाइम हाई



**नई दिल्ली।** सोना और चांदी ने 21 मई को ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार के दौरान 10 ग्राम सोना 839 रुपए महंगा होकर 74,222 रुपए का हो गया। चांदी भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। ये 6,071 रुपए महंगी होकर 92,444 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।


DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
₹67800/-
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## शराब में धुत 'नाबालिग' ने 200 किमी की रफ्तार से पोर्श कार 'दौड़ाते' हुए युवक-युवती को कुचल डाला

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे एक्सीडेंट केस में पुलिस ने नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल को छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा जिस पब में नाबालिग ने शराब पी थी, उसके मालिक और मैनेजर को भी अरेस्ट कर लिया। तीनों को 24 मई के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। पुणे में 19 मई को एक नाबालिग ने अपनी पोर्श कार से मप्र के बाइक सवार दो आईटी इंजीनियर्स युवक-युवती को टक्कर मारी थी। दोनों की मौके ▶▶ शेष पेज 5 पर



**अश्विनी 6 साल से पुणे में कर रही थी नौकरी**

अश्विनी के पिता सुरेश कोष्टा ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोगों को इससे सबक मिले। मेरी बेटी ने अपनी पढ़ाई पुणे में पूरी की और उसे वहीं नौकरी मिल गई थी। भाई समरप्रीत ने बताया कि अश्विनी पुणे में 6 साल से थी, जनवरी में ही उसने 24वां जन्मदिन मनाया था।

### आप सांसद मालीवाल से बदसलूकी मामले में एलजी सक्सेना की खरी-खरी

# कई सवालों के उत्तर आना बाकी, मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाएगा


### महिला सुरक्षा पर ऐसी शर्मनाक घटनाएं भारत की छवि को धूमिल कर रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और दुनिया भर के राजनयिक समुदाय का घर है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर ऐसी शर्मनाक घटनाएं दुनिया भर में भारत की छवि को धूमिल करती हैं।

मामले में असंवेदनशील और षड़यंत्रकारी अवमाननापूर्ण सरकारी प्रतिक्रिया भी की जा रही है। अगर देश में किसी अन्य मुख्यमंत्री के निवास पर ऐसी घटना हुई होती तो देश के खिलाफ बोलने वाली विदेशी ताकतें भारत में महिला सुरक्षा के बारे में एक तीखी प्रक्रिया देना शुरू कर देतीं। इस मामले में किसी भी तरह के आक्रोश की अनुपस्थिति कई सवालों को बिना उत्तर के छोड़ देती है। दिल्ली पुलिस ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केजरीवाल की चुप्पी उनके रुख को बयां कर रही**



एलजी ने कहा कि केजरीवाल की गहरी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा पर उनके रुख को बयां करती है। मुझे उम्मीद थी कि कम से कम शिष्टाचार के लिए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखेंगे, न कि टालमटोल और संदिग्ध बने रहेंगे। एलजी ने कहा कि मालीवाल मेरे और मेरे कार्यालय के प्रति मुखर, शत्रुतापूर्ण और स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रही हैं। उन्होंने अक्सर मेरी अनुचित आलोचना की है। अगर उनके साथ कोई शारीरिक हिंसा होती है और उत्पीड़न किया जाता है तो यह अस्वीकार्य है।

**मालीवाल ने गुस्से में मुझे किया फोन**

**मालीवाल ने आप पर लगाए गंभीर आरोप**

**मैंने सच कहा तो भाजपा का एजेंट बता दिया**



मालीवाल ने एक बार फिर पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने आप पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बिभव कुमार के ख़िलाफ शिकायत देने तक मैं इनके हिसाब से लेडी सिंघम थी और आज भाजपा की एजेंट बन गई।

## भाजपा ने केजरीवाल को कठघरे में किया खड़ा, पूछे कई सवाल

### यदि आप (केजरीवाल) आवास में नहीं थे तो उस दिन का दैनिक कार्यक्रम जारी करें या स्वीकारें आप आवास में थे और मिलना नहीं चाहते थे: सुधांशु त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना के आठ दिन बाद भी कई ऐसे सवाल है, जो दिल्लीवासियों के मन में उठ रहे हैं। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के घर हुई घटना पार्टी की असलियत को उजागर करती है। सुधांशु त्रिवेदी ने केजरीवाल से सवाल करते हुए कहा हर सीएम के हर दिन का दैनिक कार्यक्रम जारी होता है, यदि आप सीएम आवास में नहीं थे तो उस दिन का दैनिक कार्यक्रम जारी कर दीजिए या तो इस बात को स्वीकार करिए कि आप आवास में थे और मिलना नहीं चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि आप अपॉइंटमेंट लिस्ट को जारी कर दीजिए और बता दीजिए कि आपका उनके साथ कोई अपॉइंटमेंट ही नहीं था। उन्होंने कहा कि अगर अपॉइंटमेंट नहीं था तो स्वाति मालीवाल अंदर कैसे आ गई। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत को खतरे में डालकर चीन से रिश्ते नहीं बनाएंगे: श्रीलंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। एक इंटरव्यू में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे। एक सवाल पर साबरी ने कहा कि हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे।

**ब्रिक्स के लिए भारत से मदद मांगेंगे**



दूसरी तरफ श्रीलंका ने ब्रिक्स संगठन में भी शामिल होने की इच्छा जताई है। श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा- ब्रिक्स में भारत के शामिल होने के बाद से यह काफी अच्छा संगठन बन गया है। हम जब भी आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स में शामिल होने के लिए आवेदन देंगे, तब पहले भारत से बात करेंगे। विदेश मंत्री ने बताया कि श्रीलंका की कैबिनेट ने देश को ब्रिक्स का सदस्य बनाने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया है। रूस में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हमें न्योता दिया गया है।

**पहले भारत**

*चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा- अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे। साबरी ने कहा कि हाल ही में चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बनकर सामने आया है। इसी तरह श्रीलंका भी भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है, लेकिन हम तीसरे पक्ष को कभी भी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पर्यटन में बढ़ रही भारत की धाक, 2021 में भारत 54वें स्थान पर था

# ग्लोबल ट्रैवल और टूरिज्म इंडेक्स में भारत की रैंक 39वीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज मंगलवार को वार्षिक रिपोर्ट में दिखाया गया है कि विश्व आर्थिक मंच के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक 2024(ग्लोबल ट्रैवल और टूरिज्म इंडेक्स 2024)में भारत की रैंक बढ़कर 39वें स्थान पर पहुंच गई है, वैश्विक पर्यटन गतिविधियां महामारी से पहले के स्तर पर लौट आई हैं। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि जहां अमेरिका इस सूची में सबसे ऊपर है, वहीं भारत दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। 2021 में पहले प्रकाशित सूचकांक में भारत 54वें स्थान पर था, हालांकि ▶▶ शेष पेज 5 पर



**यात्रा और पर्यटन मांग में स्थिरता**

*इसके अलावा, 2019 की तुलना में गिरावट के बावजूद, देश अभी भी यात्रा और पर्यटन मांग स्थिरता के मामले में अच्छा स्कोर कर रहा है, विशेष रूप से आने वाले आगंतुकों के बीच अधिक टिकाऊ लंबे प्रवास के लिए धन्यवाद। इसमें आगे कहा गया है कि कई अर्थव्यवस्थाओं की तरह, भारत में यात्रा और पर्यटन सक्षम स्थितियां इस क्षेत्र के लिए वैश्विक मुद्रास्फीति आपूर्ति-पक्ष के रुझान से प्रभावित हुई हैं, जिससे मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता में गिरावट आई है, जबकि हवाई परिवहन और पर्यटन सेवाओं का बुनियादी ढांचा अभी भी 2019 के स्तर तक नहीं पहुंच पाया है।*

**ये देश भी लिस्ट में शामिल**

अमेरिका के बाद, स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। सरे विश्वविद्यालय के सहयोग से तैयार किए गए सूचकांक से पता चलता है कि भारत अत्यधिक मूल्य-प्रतिस्पर्धी (18वां) है और प्रतिस्पर्धी वायु परिवहन (26वां) और ग्राउंड और पोर्ट (25वां) बुनियादी ढांचे का दावा करता है। विशेष रूप से भारत के मजबूत प्राकृतिक ▶▶ शेष पेज 5 पर




**खबर संक्षेप**

### कोर्ट परिसर में पीटा, दी जान से मारने की धमकी



**गुरुग्राम।** शिवाजी नगर एरिया में कोर्ट परिसर में महिला द्वारा अपने पति से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अपनी मां के साथ कोर्ट से जमानत मिलने के बाद गेट नंबर तीन से निकल ही रहा था। पीड़ित की शिकायत पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अनुराग सिंह ने कहा कि उसका अपनी पत्नी के साथ फैमिली कोर्ट में मामला चल रहा है।

### एसी मैकेनिक की गला रेत हत्या कर दी गई



**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में मंगलवार को एक 35 वर्षीय एसी मैकेनिक की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। एसी मैकेनिक की खून से लथपथ लाश घर के अंदर पड़ी मिली। जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। मृतक की बहन ने उसके दो दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है।

### युवक से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी



**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 एरिया में घर जा रहे युवक से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के पटना निवासी धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि वह गुरुग्राम के सेक्टर-37 में किराए के मकान में रहता है। वह रविवार को मार्केट से अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में गांव खांडसा के तुलसी राघव ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

### पुलिस ने 7 मनचलों को सिखाया सबक



**गुरुग्राम।** डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार महिलाओं की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ सिटी कैम्पेन में गुरुग्राम पुलिस ने पांच मनचलों को सबक सिखाया। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा, डीसीपी ट्रैफिक विरेन्द्र विज के निर्देशन में कार्य करते हुए महिला थाना वेस्ट की प्रभारी इंस्पेक्टर नेहा राठी की टीम ने सात मनचलों फिरे सिंह, मिंटू बैखा, राजीव कुमार, गौरव, सुमित, चित्रवीर व आकाश को इफ्को चौक, गुरुग्राम के पास से काबू करके उनके खिलाफ नियमानुसार निवारक कार्यवाही की।

---

नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन की सफाई को लेकर अलर्ट

# नगर आयुक्त ने वसुंधरा के नालों की सफाई और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का लिया जायजा, दिए निर्देश

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मानसून से पहले नालों की सफाई कराई जा रही है। जिसमें छोटे- बड़े मिलाकर कुल 525 नालों की सफाई चल रही है। इनमें से बड़े 109 नालों की सफाई का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। नगर आयुक्त वसुंधरा जोन में सफाई का जायजा लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वसुंधरा जोन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। जिसके क्रम में वसुंधरा ज़ोन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन तथा बृज विहार नाले की सफाई व्यवस्था को देखा गया।।मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनीद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, वसुंधरा जोन के एसएफआई हिमांशु व अन्य टीम उपस्थित रही जिनके साथ साफ सफाई का जायजा लिया।



**150-200 टन कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट भेजा जाता है**

*निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने वसुंधरा जोन स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का भी जायजा लिया गया जहां पर मैकेनाइज्ड तरीके से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, लगभग 150 से 200 टन प्रतिदिन कचरा वसुंधरा जोन से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का कार्य स्मार्टली हुक लोडर से कराया जा रहा है, लगभग 8 से 10 लोडर, वसुंधरा जोन के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रोसेसिंग यूनिट तक ढक कर कूड़ा पहुंचते हैं।*

### 525 नालों की चल रही सफाई

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मानसून से पहले नालों की सफाई कराई जा रही है। जिसको निरीक्षण के दौरान देखा गया जिसमें मैन्युअल तथा मैकेनाइज्ड तरीके से नाले की सफाई कराई जा रही है। छोटे बड़े मिलाकर 525 नालों की सफाई चल रही है। जिसमें बड़े 109 नालों की सफाई का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मैकेनाइज्ड तरीके से 197 छोटे नाले तथा 219 मध्य नोलों की सफाई का कार्य चल रहा है। वसुंधरा जोन अंतर्गत स्थित 11 किमी बृज विहार नाले पर नगर आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर सफाई व्यवस्था का कार्य होता हुआ मिला। 35 से 40प्रतिशत नाले की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। 52 फीट की लॉन्ग बूम पोर्क लेन मशीन द्वारा नाले की सफाई कराई जा रही है। नगर आयुक्त ने मौके पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से सावधानीपूर्वक कार्य करने के लिए कहा गया। चल रहे कार्यों को देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित टीम से मानसून से पूर्ण कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए ताकि जल भराव की स्थिति पर पूरी तरह से काबू पाया जा सके। उन्होंने नालों की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

---

पुलिसकर्मियों ने ली आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ

# सांस्कृतिक संरचनाओं को आतंकवाद से नष्ट होने से बचाने को लेकर प्रतिबद्ध हरियाणा पुलिस

आतंकवाद निरोध दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी समाज शास्त्रीय, आर्थिक और सांस्कृतिक संरचनाओं को आतंकवाद से नष्ट होने से बचाने के लिए एकजुट होना आवश्यक है। यह दिवस हमें इस निरोध कार्य में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद/गुरुग्राम



पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त कार्यालय तथा फरीदाबाद के सभी थाना चौकियों में तैनात पुलिस कर्मियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने और शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवाद निरोध दिवस याद दिलाता है कि समाज शास्त्रीय, आर्थिक व सांस्कृतिक संरचनाओं को आतंकवाद से नष्ट होने से बचाने के लिए एकजुट है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे ऊपर सभी को सुरक्षित,मजबूत बनाने का एक सामर्थ्य और जिम्मेदारी है। हम सभी एक साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और एक शांतिपूर्ण, सहयोगपूर्ण और विकासित समाज की नींव रखने के लिए प्रतिबद्ध होना हैं। इस दिवस पर शपथ लेते हैं कि हम आतंकवाद के कारणों का पता लगाएंगे, उन्हें नष्ट करने के लिए कठोर कार्रवाई करेंगे और सभी लोगों को सुरक्षित रखने के लिए साझा मुक़ाबला करेंगे।, ताकि प्रत्येक नागरिक सुरक्षित महसूस कर सके।

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ समारोह**



इसी तरह गुरुग्राम में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर आयोजित शपथ समारोह पुलिस कमिश्नर कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों को सभी प्रकार के आतंकवाद से लड़ने की शपथ दिलाई गई। एसीपी सुशीला द्वारा पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई। जिसमें पुलिस कर्मियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए निष्ठापूर्वक शपथ ली कि वे सभी प्रकार के आंतकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। वहीं मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भावना तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की बात कही। गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर तैनात सभी पुलिस टीमों थाना/चौकी, अपराध शाखाएं, कार्यालय, यातायात पुलिस इत्यादि द्वारा भी राष्ट्रीय आंतकवाद विरोधी दिवस पर सभी प्रकार के आतंकवाद से लड़ने की शपथ ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि 21 मई 1991 को एक आंतकवादी संगठन ने भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी थी। इसलिए 21 मई का दिन राष्ट्रीय आंतकवाद विरोधी दिवस के रुप में मनाया जाता है।

---

# राव इंद्रजीत ने रोड शो में दिखाई ताकत

## हर वर्ग और सर्वसमाज ने स्वागत कर समर्थन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते युवा, बुजुर्ग और महिला कार्यकर्ता, चारों तरफ लहराता देश की आन तिरंगा और भाजपा का झंडा, बैंड की मधुर धुन के बीच विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हजारों की संख्या में सड़कों के दोनों और खड़े लोग। कोई फूल बरसा रहा था तो किसी में बुके भेंट करने की होड़ लगी थी।

कोई माला पहना रहा था तो कोई पगड़ी। चारों और उमड़ा जनसैलाब, मानों गुड़गांव में एक साथ पूरा लोकसभा क्षेत्र उमड़ आया है। गुड़गांव से भाजपा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के रोड शो के दौरान ऐसे ही नजारे देखने मिले। जहां-जहां से राव का काफिला गुजरा, हर किसी में राव को समर्थन देने की होड़ नजर आई। चुनाव से ठीक पहले भाजपा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने विपक्षियों को अपनी ताकत दिखाने के लिए रोड शो किया। ओल्ड रेलवे रोड स्थित प्रेम मंदिर से फूलों से सजी पालकी में बैठकर जब राव इंद्रजीत निकले तो हर किसी की निगाह ठहर गई। प्रेम मंदिर में अनुसूचित जाति, राजपूत, धीमर समाज ने उन्हें समर्थन देते हुए मान सम्मान की पगड़ी भेंट की। यहां से उनका काफिला धीरे-धीरे कबीर भवन चौक की तरफ बढ़ा। कबीर भवन चौक पहुंचने पर आंबेडकर सभा, धानक समाज, पंजाबी समाज, वाल्मीकि समाज, सैनी समाज, ब्राह्मण समाज ने उनका स्वागत कर उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया।

# खड़े ट्रक से टकराने पर स्कूटी सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-65 एरिया में खड़े ट्रक से टकराने पर स्कूटी चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी 27 वर्षीय हिमांशु जोशी गुरुग्राम में किराए पर रहता था। वह यहां सेक्टर-65 के अर्बाना मॉल में काम करता था। मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे अपने साथ में काम करने वाले खगेंद्र के साथ स्कूटी से घूम रहे थे। स्कूटी हिमांशु चला रहा था। थाना रोड पर तेज रफ्तार स्कूटी सडक़ किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। आसपास के लोगों ने दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान हिमांशु की मौत हो गई। वहीं खगेंद्र की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

---

# भाजपा के भ्रष्टाचार को भगाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में करें मतदान : महेन्द्र प्रताप सिंह

- पूर्व मंत्री करण दलाल ने कांग्रेस के लोस प्रत्याशी के साथ एक दर्जन चुनावी सभाओं को किया संबोधित, शहर में निकाला रोड-शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज मंगलवार को पलवल में जोरदार दस्तक दी। उनका जहां एक दर्जन से अहिधक चुनावी सभाओं में जोरदार स्वागत किया गया वहीं पलवल शहर में पद-यात्रा कर एक विशाल रोड-शो निकाल व्यापारी एवं शहरवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उनके साथ हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल भी मुख्यरूप से मौजूद रहे। वह जहां-जहां से भी निकले शहर के व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर व मिठाई खिलाकर अपने खुले समर्थन का ऐलान भी किया। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत बाम्रीखेडा से की उसके बाद सेलौटी, असावटा, पातली खुर्द, बांस मौहल्ला, कारना, अल्लीका, घुघेरा के अलावा पलवल शहर में बघेल घर्मशाला कुशलीपुर, कमेटी चौक व जवाहर नगर कैंप में आयोजित चुनावी सभाओं में पगडी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया वहीं जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में पलवल के वकीलों द्वारा भी गर्मजोशी के साथ स्वागत कर अपने समर्थन का ऐलान किया। इस अवसर पर उनके साथ आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर रावत, जिला पार्षद पति धमेन्द्र तेवतिया एडवोकेट भी मुख्यरूप से मौजूद थे।

महेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों का जोश बता रहा है कि दस साल में फरीदाबाद व पलवल दोनों जिलों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है तथा जाति-धर्म व वर्ग विशेष के नाम पर आपकी भावनाओं के साथ खेला गया गया है।

### महिला के साथ मारपीट करने के मामले में भाजपा पार्षद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मोहन नगर क्षेत्र में एक महिला व उसके पति के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने भाजपा पार्षद को गिरफ्तार किया है। एसीपी रजनीश उपाध्यय ने बताया कि एक खोखा संचालक की पत्नी सीता ने थाना पर तहरीर दी कि उस क्षेत्र का ए पार्षद सुधीर व उसके अन्य साथियों के द्वारा पैसे के लेन-देन को लेकर उसके साथ तथा उसके पति के साथ मारपीट की। साथ ही खोखे को तहस-नहस कर दिया गया तथा उससे कुछ रूपये व गहने आदि छीन लिये गये। इस तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। मुख्य आरोपी सुधीर को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर लिया गया। वह नगर निगम में पार्षद है। इस मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है।

### साइबर ठगों को फर्जी सिमकार्ड मुहैया कराने वाले 9 आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



साइबर ठगों को फर्जी सिमकार्ड मुहैया कराने पर पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 54 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए। पुलिस जांच में नौ आ रो पि यों की संलिप्तता मिली। जिनमें आरोपियों ने करीब 37 लाख 13 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दिवान के नेतृत्व में साइबर क्राइम थानों की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें से गुजरात के मेहसाना निवासी आरोपी कनू भाई को साइबर क्राइम ईस्ट थाना में तैनात जांच अधिकारी पीएसआई मनोज ने गिरफ्तार किया। जबकि इसी थाना के जांच अधिकारी एएसआई विनोद ने गुजरात सूरत के धर्मेश यादव को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया।

जांच अधिकारी राजेश की टीम ने बिहार के गोपालगंज निवासी रजनीश को, जांच अधिकारी भगत सिंह की टीम ने गुजरात के मेहसाना निवासी निमेश कुमार को, जांच अधिकारी पीएसआई मंजीत की टीम ने भरतपुर के आनंद यादव को व पीएसआई सचिन की टीम ने गुरुग्राम निवासी गौरव को गिरफ्तार किया। वहीं जांच अधिकारी तारीफ की टीम ने दिल्ली के पश्चिम विहार निवासी तरुण को, एएसआई सतेंद्र की टीम ने दिल्ली के राजेंद्र को व पीएसआई सुमित की टीम ने पलवल निवासी अरुण कुमार को गुरुग्राम में गिरफ्तार किया।

### ऑनलाइन पार्टटाइम जॉब के नाम पर पूर्व सैनिक से लाखों रुपए ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




साइबर क्राइम एरिया में जालसाजों ने ऑनलाइन पार्टटाइम जॉब के नाम पर पूर्व सैनिक से 2 लाख 15 हजार 520 रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

शिकायत में एम श्याम कुमार ने कहा कि वह सेवानिवृत्त सेना कर्मी हैं। 30 सितंबर को फेसबुक पर उन्होंने एक विज्ञापन देखाा। जिसमें ऑनलाइन पार्टटाइम नौकरी की पेशकश की गई थी। उन्होंने दिए गए लिंक पर क्लिक किया। जिसमें उन्हें यूजर आईडी-पासवर्ड रजिस्टर्ड करने के लिए कहा गया। उन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन किया। इसके बाद उन्हें टेलिग्राम से जोड़ने के साथ प्रबंधक अनुषा सोलंकी ने उनसे वेबसाइट पर 200 रुपए रिचार्ज करने को कहा। रिचार्ज करने पर उनके अकाउंट में 450 रुपए जमा करा दिए गए। अनुषा द्वारा दिए गए छह टॉस्क पूरा करने के लिए 82 हजार 500 रुपए का भुगतान कर दिया।

जिसके बाद उनके वॉलेट में बोनस सहित 2 लाख 100 रुपए जमा हो गए। जब इसमें से राशि निकालनी चाही तो उनसे इस राशि को निकालने के लिए टैक्स के 40 हजार 20 रुपए और मांगे। इसके बाद उन्होंने अनुषा सोलंकी द्वारा दिए गए सुभाष के अकाउंट में राशि ट्रांसफर कर दी। इसके बाद जब एम श्याम कुमार ने रुपए निकालने चाहे तो उनसे गारंटी के नाम पर एक लाख रुपए और मांगे। इस तरह उन्होंने कुल 2 लाख 15 हजार 520 रुपए जमा करा दिए।

---

पुलिस ने सुलझाया हत्या का मामला

# आपसी रंजिश में बदला लेने के लिए की थी दीन मोहम्मद की हत्या, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



थाना मोदीनगर पुलिस ने एक युवक की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या मारपीट करने व कार में तोड़फोड़ करने का बदला लेने के लिए की गई।

एसीपी ज्ञानेंद्र राय ने बताया कि 15 मई को थाना मोदीनगर क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव तिबडा नाला से बरामद हुआ था जिसकी शिनाख्त दीन मौहम्मद पुत्र अयूब के रूप में हुई थी। 16मई को अयूब पुत्र इकबाल निवासी मनीहारण कस्बा लावड थाना इंचौली जनपद मेरठ ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें आरोप लगाया गया कि निकित गुर्जर ग्राम सीकरी खुर्द थाना मोदीनगर ने आपसी विवाद को लेकर रंजिशन अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र दीन मौहम्मद की हत्या की दी

### पहले मृतक से हुआ था झगड़ा

पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद ताज मौहम्मद निवासी सुजडू चुंगी थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर व पुनीत गौसाई निवासी सीकरी खुर्द थाना मोदीनगर को तिबड़ा की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि हम दोनों व निकित गुर्जर, बिट्टू उर्फ तुषार चारों आपस में घनिष्ठ दोस्त है। कुछ दिन पूर्व में मृतक दीन मौहम्मद का निकित के भाई के साथ झगडा हुआ था और निकित की गाडी मे तोड फोड की थी, उसी का बदला लेने के लिए हम दोनो ने निकित गुर्जर व बिट्टू उर्फ तुषार के साथ मिलकर षड्यंत्र करके दीन मौहम्मद का अपहरण करके गाडी मे ले गये थे जिसके साथ हम चारों ने मारपीट की व हत्या करके शव को छुपाने के लिए तिबडा नाले में फेंक दिया था।

---

भाजपा व कांग्रेस के बीच ही मुकाबला होने का अनुमान

# मतदाताओं की रहस्यमई चुप्पी लोस चुनाव में डटे उम्मीदवारों के विश्वास को डगमगा रही

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र नंबर-10 के मतदाताओं की रहस्यमयी चुप्पी चुनावी समर में डटे उम्मीदवारों के विश्वास को पल-पल डगमगा रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कांग्रेस व भाजपा के बीच होगा इस बात की ओर इशारा मतदाता अवश्य कर रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने 6 लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज कर समूचे भारत में तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।

तकरीबन 24 लाख तीस हजार मतदाताओं वाला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं के हिसाब से प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। यह लोकसभा क्षेत्र दो हिस्सों में बंटा हुआ है जिसमें फरीदाबाद जिले के अन्तर्गत एनआईटी, बड़खल, तिगांव, फरीदाबाद व बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र आते हैं, तो पलवल के अन्तर्गत पृथला, पलवल, होडल व हथीन विधानसभा क्षेत्र आते है। कुल मिलाकर फरीदाबाद के सभी विधानसभा क्षेत्र शहरी क्षेत्र गिने जाते है तो पलवल के चारों विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण अंचल क्षेत्र गिने जाते है।

### मतदान में है तीन दिन शेष

अगर बात की जाए पलवल जिले के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों की तो इसे जाट बहुल्य गिना जाता है और अब जाट समुदाय दो धड़ों में बंटा सा नजर आ रहा है। जहां तक बात की जाए शहरी मतदाता की तो मतदान में अब कुल चार दिन ही शेष रह गए है और मतदाता है कि अपना मुंह खोलने को तैयार ही नहीं है। शहरी मतदाता की जो यह रहस्यमयी चुप्पी वह चुनावी समर में डटे उम्मीदवारों के विश्वास को पल-पल डगमगा रही है। यहां बात अगर बसपा की जाए तो बसपा का कैडर बसपा उम्मीदवार के बजाय कांग्रेस उम्मीदवार के साथ खड़ा नजर आ रहा है। वैसे मोटे तौर पर चुनावी पंड़ित यह गुणा भाग करने में मशगूल है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कौन किस पर भारी पड़ सकता है। अगर शहरी और ग्रामीण मतदाताओं की संख्या को देखा जाए तो यह बात तो शीशे की तरह साफ हो सकती है कि इस बार का रण बहुत भीषण होगा।

### मुख्यमंत्री ने पाकिस्तानी कहने पर जताई आपत्ति

# दिल्ली के ढाई करोड़ लोग मेरा परिवार हैं, आप मेरे लोगों को गाली न दें : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आपकी दुश्मनी मुझसे है, आप मुझे गाली दे लीजिए, लेकिन दिल्ली के ढाई करोड़ लोग मेरा परिवार हैं, आप मेरे लोगों को गाली न दें। देश के लोग इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने पर बेहद कड़ी आपत्ति जताते हुए मंगलवार को प्रेसवार्ता में उक्त बातें कही। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सोमवार को अमित शाह दिल्ली में एक रैली करने आए थे। इसमें वो 'आप' को वोट करने वाले दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी बताने लगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने आपको अपना वारिस चुना है, लेकिन जनता 4 जून को भाजपा को सत्ता से बाहर करके इंडिया गठबंधन की सरकार बना रही है। इसलिए आप थोड़ा अहंकार कम कीजिए। केजरीवाल ने आगे कहा कि सोमवार को सीएम योगी ने भी मुझे गालियां दी। मैं उनसे विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आपके असली दुश्मन आपकी पार्टी में हैं, चुनाव बाद नरेंद्र मोदी और अमित शाह आपको सीएम पद से हटाने का प्लान बना लिए हैं। आप उनसे निपटिए।

### इंडिया गठबंधन देश को एक साफ-सुथरी और स्थिर सरकार देने जा रहा है : केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पांचवें चरण का मतदान हो चुका है। अब जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे साफ होते जा रहा है कि 4 जून को मोदी सरकार जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। ऐसा मैं कई लोगों के सर्वे के आधार पर कह रहा हूं। सर्वे के जो अब रूझान आ रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि 4 जून को इंडिया गठबंधन को अपने दम पर 300 से ज्यादा सीटें मिल रही है और इंडिया गठबंधन देश को एक साफ-सुथरी और स्थिर सरकार देने की दिशा में बढ़ रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सोमवार को अमित शाह दिल्ली आए थे। उन्होंने एक सभा की, जिसमें 500 से भी कम लोग थे। अमित शाह ने दिल्ली आकर देश के लोगों को अनर्गल गाली-गलौज करना चालू किया। देश की जनता को गाली देने लगे। अमित शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के समर्थक पाकिस्तानी हैं। अमित शाह से मैं पूछना चाहता हूं कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को 70 में से 62 सीटें दी। हमें 56 फीसद वोट देकर आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है।

अमित शाह बताएं कि क्या दिल्ली के लोग पाकिस्तानी हैं। पंजाब के लोगों ने 117 में 92 सीटें देकर आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है, तो क्या पंजाब के लोग पाकिस्तानी हैं। गुजरात के लोगों ने हमें 14 फीसद वोट दिया, क्या गुजरात के लोग भी पाकिस्तानी हैं। गोवा के लोगों ने भी हमें प्यार और विश्वास दिया, तो क्या गोवा के लोग भी पाकिस्तानी है। पंचायत के चुनावों उत्तर प्रदेश, असम और मध्य प्रदेश समेत देश कई हिस्सों में आम आदमी पार्टी के पंच, सरपंच, निगम महापौर और पार्षद चुने गए, तो क्या इस देश के सभी लोग पाकिस्तानी हैं। अमित शाह, आप क्या बात कर रहे हैं?

केजरीवाल ने अमित शाह से कहा कि आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना वारिस चुना है। इस बात का आपको इतना अहंकार हो गया कि आप लोगों को गालियां देने लगे, धमकियां देने लगे। अभी तो आप प्रधानमंत्री बने नहीं हैं और अभी आपको इतना अहंकार हो गया है। अमित शाह को जानकारी देना चाहता हूं कि आप प्रधानमंत्री नहीं बन रहे हैं, क्योंकि 4 जून को देश के लोग भाजपा की सरकार नहीं बना रहे हैं। देश से भाजपा जा रही है। इसलिए आप थोड़ा अहंकार कम कीजिए और जनता को गाली मत दीजिए। आपकी दुश्मनी मुझसे है। आप मुझे गाली दे लीजिए। लेकिन देश की जनता को गाली देंगे तो यह कोई भी बर्दाश्त नहीं करने वाला है।

## झूठ बोलने के मास्टर हैं केजरीवाल : सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल झूठ बोलने के मास्टर है और उनका यह बयान कि सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा में मात्र 500 लोग है, बिल्कुल ही बेबुनियाद और झूठ पर आधारित है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर उक्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल को चुनौती देता हूं कि वे आये और सोमवार की अमित शाह की जनसभा की रिकार्डिंग हमारे साथ देखें तो जानेंगे कि 500 लोग आये थे या 25 हजार लोग आये थे। वहीं, सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी विदेशों से फंडिंग लेती है, वे लोग जो देश को तोड़ने की बात करते हैं और देश के अलगाववादी तत्वों के साथ खड़े होते हैं, उनसे राजनीतिक चंदा लेती है। जो देश के दुश्मनों के साथ हाथ मिलाते हैं और उनसे पैसे ले रहा है क्या हम उन्हें देशभक्त कहेंगे।

### 'स्वाति के साथ हुआ अभद्र दुर्व्यवहार भी केजरीवाल को नहीं दिया दिखाई'

सचदेवा ने सोमवार की जनसभा के फोटोग्राफ दिखाते हुए कहा कि हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों को अरविंद केजरीवाल अपने चश्मे से सिर्फ 500 बता रहे हैं। उनको अपनी राजनीतिक चश्मा हटाकर देखने की जरूरत है क्योंकि उनके घर में एक महिला सांसद स्वाति मालीवाल के साथ अभद्र दुर्व्यवहार हुआ लेकिन वह ना ही उन्हे दिखाई दिया और ना ही वह उस पर अभी तक कुछ बोल पाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 140 करोड़ जनता को अपना वारिस कहा है और दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल हैं, जो अपने लिए किए गए घोटालों में जेल का रास्ता भी तय कर लिया।

## भाजपा प्रत्याशियों को दें समर्थन, दिल्लीवालों की 10 साल उम्र और बढ़ेगी : गडकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आपने अभी तक जो देखा है वह अब तक ट्रेलर था और अगर आपका साथ मिला तो अभी पिक्चर आनी बाकी है। भाजपा ने कर्मठ प्रत्याशी उतारे हैं और अगर आप उन्हें समर्थन देते हैं तो वह आप सब की उम्मीदों पर खरा उतरेगे। दिल्ली को जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और दिल्लीवालों की 10 साल उम्र और बढ़ेगी। दिल्ली के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ ही केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने मंगलवार को तीन चुनाव सभाओं को सम्बोधित करते हुए उक्त संबोधन दिया। यहां गड़करी ने पश्चिम दिल्ली के विकास पुरी विधान सभा में, नई दिल्ली के मोती नगर में और उत्तर पूर्व के करावल नगर में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज एवं मनोज तिवारी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

नितिन गडकरी ने कहा कि आज देश में जो विकास हुआ है उसका कारण केवल नरेंद्र मोदी नहीं है, उसका कारण देश की जनता है क्योंकि यदि आप हमें चुनकर नहीं लाते तो हम कभी यह सब कर ही नहीं पाते। गडकरी ने कहा कि अगर देश को विश्व की सबसे बड़ी ताकत बनाना चाहते हो, अगर भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर का देश बनाना चाहते हो, देश को विश्व गुरु बनाना चाहते हो तो आपको सही नीति और सही नेतृत्व की जरुरत है। दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए हमने इलेक्ट्रिक बसें लाई, पांच साल के अंदर देश के अन्य शहरों में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ जाएगी। टेक्नोलॉजी आगे बढ़ने से पूरे देश की ताकत बढ़गी और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा इसलिए हमारी सरकार ने यही किया है।

### स्वाति मालीवाल भाजपा के लिए कर रही हैं कार्य : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के बयान से मंगलवार को यह साबित हो गया है कि स्वाति मालीवाल भाजपा के लिए कार्य कर रही हैं। चुनाव में भाजपा रोज नई साजिश लेकर आ रही है। भाजपा कभी शराब घोटाला ला रही है, कभी स्वाति मालीवाल को मोहरा बना रही है, तो कभी विदेश फंडिंग के झूठे आरोप लगा रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने वीके सक्सेना को लेकर यह आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर उपराज्यपाल को संबोधित करते हुए एक पोस्ट करते हुए कहा कि शायद आप भूल गए, देश के लिए मेडल जीतने वाली पहलवान बेटियाँ इसी दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठी थी। धूप और बरसात में भी बैठी थी। एफआईआर करवानी थी कि भाजपा के सांसद बृजभूषण ने बार बार उनका शारीरिक शोषण किया था। तब आपके अधीन दिल्ली पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की थी। बताइए क्यों नहीं दर्ज की ? एफआईआर भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी। मगर धारा 354 के मुक़दमे के बावजूद भाजपा सांसद एक दिन के लिए भी गिरफ्तार नहीं हुआ।

### एलजी ने की मालीवाल से फोन पर बात, सीएम की चुप्पी और घटना के सबूत मिटाने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य व दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में मारपीट के मामले में अब दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का बयान सामने आया है। उपराज्यपाल से मालीवाल की फोन पर हुई बातचीत के बाद एलजी ने इस मामले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की खबरों पर चिंता जताते हुए पर सवाल उठाए है। एलजी ने भरोसा दिया है कि दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और मैं आश्वासन देता हूं कि मामले को निष्पक्षता के साथ सुलझाया जाएगा। राजनिवास द्वारा जारी बयान में एलजी ने कहा है कि मैं पिछले कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री के आवास पर कथित हमले के मुद्दे पर मीडिया में चल रही खबरों से बहुत व्यथित हूं। इस मामले पर मालीवाल ने मुझसे फोन पर अपने दर्दनाक अनुभव और उसके बाद अपने ही सहकर्मियों द्वारा उसे दी जाने वाली धमकी और शर्मिंदगी को विस्तार से बताया। एलजी ने कहा कि बेशक मालीवाल मेरे कार्यालय के प्रति मुखर, शत्रुतापूर्ण और स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रही हैं, अक्सर मेरी अनुचित आलोचना करती रही हैं, फिर भी उन पर की गई कोई भी शारीरिक हिंसा और उत्पीड़न अक्षम्य और अस्वीकार्य है। यह सबसे अधिक परेशान करने वाली बात है कि कथित अपराध दिल्ली के मुख्यमंत्री के ड्राइंग रूम में उस समय हुआ जब स्वयं केजरीवाल घर में मौजूद थे। एलजी ने कहा कि इस मामले पर बाद में आप के ही दूसरे राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मीडिया के सामने आकर स्वाति के साथ हुई छेड़छाड़ मारपीट की पुष्टि करते हुए सीएम केजरीवाल द्वारा कार्रवाई करने का भरोसा भी दिया।

### कथित शराब घोटाला है भाजपा का राजनैतिक षड्यंत्र : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करने के फ़ैसले से सम्मान पूर्वक असहमती जताई हैं। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत की अर्जी को खारिज किया है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि कथित शराब घोटाला भाजपा का राजनैतिक षड्यंत्र है। इसका मकसद 'आप' को खत्म करना है। जब भाजपा दिल्ली-पंजाब में हमें हराने में असफल हो गई तो ईडी-सीबीआई के जरिए इस षड़यंत्र को रचा। ये पूरा केस केवल गवाहों से दबाव में लिए गए बयानों पर आधारित है। जब तक गवाहों ने 'आप' नेताओं के खिलाफ बयान नहीं दिए, तब तक उनको मारा-पीटा और डराया-धमकाया गया। इस मामले में हज़ारों छापे पड़े, लेकिन आज तक एक रुपया नहीं मिला है। फिर भी झूठे आरोप लगा कर 'आप' नेताओं को जेल भेजा गया। इससे साफ है कि यह पूरा मामला राजनैतिक षड़यंत्र है। लेकिन भाजपा का अंत अब करीब आ गया है। देश की जनता ने उसे सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद देश के सबसे बड़े इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले की जांच होगी और भाजपा के नेता जेल जाएंगे।

### 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत महापौर ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को करोल बाग मार्केट में 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत सिग्नेचर अभियान चलाया, जिसमें सीएम अरविंद केजरीवाल को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिलने का दावा किया गया है। एमसीडी की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों को जागरूक किया। महापौर ने कहा कि इस दौरान 'आई सपोर्ट केजरीवाल' लिखे बोर्ड पर बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अपने मुख्यमंत्री के सर्मथन में संदेश लिखे। डॉ. शैली ने कहा कि जिस तरह से भाजपा पूरे देश में तानाशाही चला रही है, आज जनता उसका जवाब देने के लिए तैयार है। जनता समझ चुकी है कि किस प्रकार से विपक्ष को खत्म किया जा रहा है। हमें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और लोग देश से तानाशाही का अंत करने जा रहे हैं। इस दौरान महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने भी पोस्टर पर हस्ताक्षर कर लोगों से अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने की अपील की। महापौर ने कहा कि इस दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जेल का जवाब वोट से और लड़ेंगे-जीतेंगे के जमकर नारे लगाए।


बी एच ई एल BHEL

सपनों को करे साकार
नवप्रवर्तन को प्रेरणा अपार



31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडएलोन एवं कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (₹करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 03 माह समाप्त 31.03.2024# | 03 माह समाप्त 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ | समाप्त वर्ष 31.03.2024# | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ | 03 माह समाप्त 31.03.2024# | 03 माह समाप्त 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ | समाप्त वर्ष 31.03.2024# | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्टैंडएलोन – (अंकेक्षित) | | | | कंसोलिडेटेड – (अंकेक्षित) | | | |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 8260.25 | 8226.99 | 23892.78 | 23364.94 | 8260.25 | 8226.99 | 23892.78 | 23364.94 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादत्मक मदों से पूर्व) | 631.06 | 926.97 | 220.33 | 685.77 | 622.73 | 926.97 | 178.68 | 659.59 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 631.06 | 926.97 | 220.33 | 685.77 | 636.32 | 939.86 | 242.66 | 715.61 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) | 484.36 | 645.13 | 259.89 | 624.28 | 489.62 | 658.02 | 282.22 | 654.12 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 438.49 | 507.55 | 177.48 | 607.01 | 443.58 | 521.03 | 199.67 | 637.44 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 6996.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 24154.18 | 24115.98 | 24154.18 | 24115.98 | 23742.24 | 23681.85 | 23742.24 | 23681.85 |
| 8 | निवल मूल्य | 24850.59 | 24812.39 | 24850.59 | 24812.39 | 24438.65 | 24378.26 | 24438.65 | 24378.26 |
| 9 | प्रति शेयर मूल तथा डाइल्यूटेड अर्जन | 1.39 | 1.85 | 0.75 | 1.79 | 1.41 | 1.89 | 0.81 | 1.88 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |




# भारत के C&AG द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत ऑडिट के अधीन।
^पुनर्कथित संदर्भ नोट–6

नोट :
1 वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप जहां भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2 उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और 21.05.2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3 उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए त्रैमासिक और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप यहां उपलब्ध है। स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटें: **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के अंतर्गत: **www.bhel.com**
4 पिछली तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
5 निदेशक मंडल ने रु.0.25 प्रति शेयर (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।
6 31.03.2024 को समाप्त वर्ष के दौरान, कंपनी ने संविदागत परिसंपत्तियों के संबंध में संभावित क्रेडिट हानि की गणना करते समय मुद्रा के मूल्य को ध्यान में रखते हुए, आईसीएआई से वर्ष के दौरान प्राप्त ईएसी राय के अनुरूप अपनी लेखांकन नीति में बदलाव किया है। परिवर्तन को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया गया है और इंड एएस 8 के अनुपालन में वित्तीय विवरणों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए बैलेंस शीट (01.04.2022 को) उपलब्ध कराई गई है। 1 अप्रैल 2022 तक संविदागत परिसंपत्तियों पर संभावित क्रेडिट हानि के कारण कुल इक्विटी में 2,626.50 करोड़ रुपये की कमी आई, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए ईसीएल के प्रावधान में 236.17 करोड़ रुपये की निकासी हुई और वर्तमान वर्ष 2023–24 के लिए ईसीएल के प्रावधान में 1,093.50 करोड़ रुपये की निकासी है। (विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया नोट संख्या 3 देखें)
7 ऐतिहासिक अनुभव/तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित लेखांकन नीतियों के अनुरूप वारंटी (संविदात्मक दायित्वों) के लिए अपने प्रावधान की समीक्षा की है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान राजस्व में 92.47 करोड़ रुपये और प्रावधानों में 1356.12 करोड़ रु की कमी आई है।. (विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया नोट संख्या 3 देखे)
8 व्यापार प्राप्तियों में ग्राहक एसटीपीजी (भूतपूर्व एनईसी सूडान) से 211 करोड़ रुपये (यूएसडी 25.5 मिलियन) की अतिदेय राशि शामिल है, जो गृहयुद्ध के कारण रुकी हुई है और अर्जनशोध्य है और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार इस के लिए प्रावधान नहीं किया गया है।
9 उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए प्रतिभूति प्रीमियम खाता ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन रिजर्व ऋण इक्विटी अनुपात् ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य/एनए नहीं है। लिस्टिंग विनियमों के विनिमय 52 (4) में संदर्भित अन्य लाइन आइटमों के लिए प्रासंगिक खुलासे स्टॉक एक्सचेजों की वेबसाइटों **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** पर व कपनी की वेबसाइट **www.bhel.com** के "वितीय सूयना" अनुभाग के तहत किए गए हैं।

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
अतिरिक्त प्रभार, निदेशक (वित्त)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.05.2024

शेयरधारकगण इस संबंध में नेषनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.nseindia.com), बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा हमारी वेबसाइट (www.bhel.com) पर निवेषक संबंध पेज का अवलोकन कर सकते हैं।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
सीआईएन: L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 फोन नं.: 011–66337000, फैक्स: 011–26493021 ई–मेल: shareholderquery@bhel.in
www.bhel.com BHELOfficial BHEL_India BHEL_India bhel.india company/bhel

प्रगति को गति ... जीवन को ज्योति भारत के हर घर से जुड़ा





# वन भवन में डेढ़ घंटे लाइट क्या गुल हुई कर्मचारियों के छूटे पसीने, काम-काज रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन मुख्यालय (वन भवन) की ग्रीन बिल्डिंग को करीब 180 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया। उस वक्त यह तय हुआ था कि बिल्डिंग में यदि किसी कारण से लाइट चली जाए या फिर पॉवर सप्लाई बाधित हो जाए, तो भी गर्मी नहीं लगेगी। किसी वन कर्मी को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी, किंतु सोमवार को सब कुछ अलग ही देखने को मिला।

करीब डेढ़ घंटे के लिए बिजली क्या गुल हुई, कर्मचारियों को पसीने छूट गए। कर्मचारी चैंबर छोड़कर गैलरी में घूमने लगे। काम-काज भी ठप हो गया। दरअसल, ग्रीन बिल्डिंग की डिजायन कुछ इस तरह से बनाई गई है कि देखने में तो खूबसूरत है, पर कर्मचारियों के लिए किसी बड़ी दिक्कत से कम नहीं है। जब बिल्डिंग तैयार हुई थी तो उसी समय सबसे पहले एयर कंडीशन को लेकर विवाद हुआ। बाद में फर्नीचर नहीं होने को लेकर दो महीने तक काम ठप रहा। इसके लिए करोड़ों रुपए की मांग अलग से की गई। उस समय तत्कालीन मुख्य सचिव ने वन मुख्यालय के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया और कहा गया कि जैसा है वैसे ही काम चलाया जाए। बाद में करीब 4 करोड़ रुपए खर्च कर एसी व फर्नीचर तैयार करवाया गया। किंतु एसी सिर्फ अफसरों के कक्ष में लगे। कर्मचारियों के लिए एसी की व्यवस्था आज भी नहीं है। इस वजह से कर्मचारी या तो काम ठीक से नहीं करते, या फिर आए दिन अफसरों के पास पहुंच जाते हैं कि गर्मी लग रही है। बताते हैं कि एक करोड़ रुपए की मंजूरी और मिली है। किंतु सबसे बड़ी दिक्कत बिल्डिंग की डिजाइन को लेकर है।




### डेढ़ घंटे की कटौती में कर्मचारियों में मची अफरा-तफरी

सोमवार को दोपहर में करीब 12.30 बजे से लेकर 2 बजे तक पूरे बिल्डिंग की लाइट गुल हो गई। महज कुछ देर बाद ही वन भवन में जैसे हंगामा मच गया। भीषण गर्मी से परेशान कर्मचारी अपने कमरों से बाहर गैलरी में आ गए। अफसर भी लाइट के इंतजार में बैठे रहे। कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया। सबसे बुरी स्थिति गर्मी से बेहाल कर्मचारियों की थी। बिजली गुल होने से चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इसे लेकर खुद कर्मचारियों से कई तरह से सवाल उठाए। कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकारियों की लापरवाही की वजह से बिल्डिंग बेकार साबित हो रही है। कहीं कोई सुनवाई नहीं होती। गर्मी से स्वाभाविक रूप से काम-काज प्रभावित हो रहा है। इस बारे में वन भवन के प्रभारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) समन्वय शशि मलिक से कई बार बात करने की कोशिश की गई, किंतु उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इससे यह पता नहीं चल पाया कि वास्तव में इसके लिए कौन जिम्मेदार है और कर्मचारियों की समस्या का समाधान कैसे होगा।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधियों को आइना दिखाया तो अब ये उन्हें अपशब्द कह रहे

# पीएम ने हमेशा से राष्ट्र को पहले नंबर पर रखा लेकिन कांग्रेस ने केवल एक परिवार को रखा

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में बांसुरी स्वराज और बिधुड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभाओं में कही यह बात

### कहा- केजरीवाल कुर्सी की खातिर दिल्ली की जनता का भी कर रहे हैं अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। वे प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी झूठ के रिकार्ड बनाने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा से राष्ट्र को पहले नंबर पर रखा, कांग्रेस ने केवल एक परिवार को पहले नंबर पर रखा।

प्रधानमंत्री ने विरोधियों को आईना दिखाया तो अब ये मोदी जी को गालियां दे रहे हैं। कांग्रेस ने आपातकाल का विरोध करने पर भाजपा नेताओं को जेल में डाल दिया था, अब कह रहे हैं कि देश का संविधान खतरे में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें सोमवार को नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में रामलीला मैदान, दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में कालका जी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं।




मुख्यमंत्री ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट की।

### दिल्ली दिलवालों की है, लेकिन ये झूठे लोगों के हाथों में है

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली वैसे तो दिलवालों की है, लेकिन यह झूठेलों के हाथों में है। आम आदमी पार्टी और उनके नेता अरविंद केजरीवाल तो झूठ के विश्व रिकार्ड बना रहे हैं। किस तरह से आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। किस तरह से उन्होंने कुर्सी की खातिर अन्ना हजारे के आंदोलन में शामिल होकर दिल्लीवासियों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने अन्ना हजारे को भी ठगा है। यह दिल्ली है, जो अब कभी भी अरविंद केजरीवाल को माफ नहीं करेगी। अरविंद केजरीवाल ने झूठ के दम पर जो बुनियाद खड़ी की है, वह जल्द ही ढहने वाली है।

### प्रधानमंत्री ने करके दिखाया...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विरोधियों को आईना दिखाने का काम किया है। उन्होंने करके दिखाया है कि किस तरह से देश का विकास होता है, कैसे देश का मान-सम्मान बढ़ा है। अब ये सारे घमंडिया गठबंधन के लोग उन्हें जी भरकर अपशब्द कह रहे हैं। देश की आजादी के बाद राजा, महाराजाओं ने भी अपनी-अपनी सत्ता छोड़ दी। वे भी चाहते थे कि जनता का शासन, जनता द्वारा ही चले, लेकिन एक परिवार ने उस समय भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ा। सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा चली तो उन्हें नहीं बनने दिया। जवाहरलाल नेहरू बन गए और तब से लेकर अब तक नहीं पांच पीढ़ियां प्रधानमंत्री बनीं।

### प्रधानमंत्री ने हमेशा से देश को पहले नंबर पर रखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा से देश को पहले नंबर पर रखा। उन्होंने देश की खातिर अपना पूरा जीवन लगा दिया। खुद के पास अपना कुछ नहीं है, लेकिन उन्होंने देशवासियों के लिए सब कुछ किया। हर वर्ग, हर क्षेत्र का विकास किया। एक तरफ प्रधानमंत्री ने देश को नंबर एक पर रखा तो वहीं कांग्रेस ने हमेशा से सिर्फ एक परिवार को ही नंबर एक पर रखा। इनकी पांच-पांच पीढ़ियां प्रधानमंत्री बनती रहीं, लेकिन इन्होंने कभी भी देश की चिंता नहीं की। सिर्फ अपने परिवार की चिंता ही इन्हें रहती है। इस बार भी परिवार की चिंता की खातिर जनता को बरगलाकर वोट लेना चाहते हैं। सोनिया गांधी रायबरेली में कह रही हैं कि उन्होंने राहुल गांधी को वहां की जनता को सुपुर्द कर दिया है, लेकिन सेवा और सुपुर्द करने में बड़ा अंतर होता है। प्रधानमंत्री मोदी देश की सेवा कर रहे हैं।

## अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी बेमेल है, इसका कोई तालमेल नहीं

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी बेमेल जोड़ी है, इसका कोई तालमेल नहीं है। राहुल गांधी सभाओं में जो संविधान दिखा रहे हैं वो संविधान गलत है। मूल संविधान ब्लू बुक में बड़ी किताब के रूप में है। (रेड बुक में चीन का संविधान है) ऐसे में क्या सही माना जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी को लेकर कहा कि ये सब बेमेल जोड़ी है, इसका कोई तालमेल नहीं है। कांग्रेस से मुलायम सिंह ने सदैव नफरत की थी और उन्होंने मोदी जी को शुभकामनाएं दी थी। अभी ये अवसर परस्ती की दोस्ती कितनी चलेगी, आप भी देखोगे, हम भी देखेंगे।

### दिल्ली में मीडिया से बोले सीएम डॉ. मोहन यादव

#### जो संविधान दिखा रहे हैं, वह संविधान ही गलत है

डॉ. यादव ने राहुल गांधी के सभाओं में संविधान दिखाने को लेकर कहा कि जो संविधान दिखा रहे हैं, वह संविधान ही गलत है। मूल संविधान, बाबा साहब का संविधान ब्लू बुक में है। बड़ी किताब है। इसमें भगवान राम की फोटो भी लगी है। उस संविधान के बजाय दूसरी कोई किताब दिखाकर मूल संविधान और बाबा साहब की आत्मा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। राहुल गांधी पहले संविधान को समझ लें। उनकी दादी ने संविधान को अलग करके देश में आपातकाल लगाया था। बाबा साहब अंबेडकर ने 1950 में जो मूल संविधान लागू किया था, उसमें कांग्रेस की 5 पीढ़ियों ने सौ बार से ज्यादा संविधान संशोधन कर दिए। जिन्होंने खुद पाप किए वे दूसरों को क्या जवाब देंगे।

#### मुख्यमंत्री ने की मतदान करने की अपील

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। दुनिया में मान सम्मान की पुनर्स्थापना करना है। इसके लिए अत्यंत आवश्यक है कि मोदी जी की सरकार बने। उन्होंने जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, उन सभी राज्यों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश का मान-सम्मान दुनिया में बढ़ाया है। सभी प्रकार की चुनौतियों से कठिन काल में पूरे देश को बचाया। जनता इस बात को जानती है। उन्होंने कहा कि सब दिल से मतदान कर रहे हैं, और जो बचे हैं वो भी मतदान करें। भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। दुनिया में मान सम्मान की पुनर्स्थापना करना है। इसके लिए अत्यंत आवश्यक है कि मोदी जी की सरकार बने।

---

### चुनाव बाद 15 जून से मंथन कार्यक्रम चलाएगी कांग्रेस

# कांग्रेस की बैठक में भितरघात पर फूटा गुस्सा आगे से दलबदलुओं पर सख्त रहने का सुझाव

### दूसरे चरण में संगठन को लेकर प्रदेश स्तरीय वर्कशाप

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न होने के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में सोमवार को पार्टी की बड़ी बैठक हुई। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई इस बैठक में पार्टी के प्रत्याशियों ने भितरघातियों पर जमकर गुस्सा निकाला। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जिन नेताओं ने दलबदल किया है, भविष्य में उनके प्रति सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए।

उनका यह भी सुझाव था कि भितरघात करने वाले नेताओं को भी चिन्हित कर कांग्रेस से बाहर करना चाहिए और युवाओं के साथ नया मजबूत संगठन खड़ा किया जाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रत्याशियों द्वारा दिए गए सुझाव पर गंभीरता से अमल का आश्वासन दिया गया। बैठक में वरिष्ठ नेता कमलनाथ मौजूद थे जबकि दिग्विजय सिंह प्रचार के सिलसिले में बाहर थे। उन्होंने वर्चुअल जुड़कर अपनी बात रखी। बैठक में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।




### जितेंद्र ने दी पार्टी कार्यक्रमों की जानकारी

भंवर जितेंद्र सिंह ने पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद कांग्रेस सक्रियता के साथ आगामी रणनीति पर कार्य करेगी। इसके लिए ब्लाक स्तर पर 15 जून से मंथन कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं की जबावदारी तय की जाएगी। मंथन कार्यक्रम के तहत सभी वरिष्ठ नेता ब्लॉक स्तर तक के कार्यकर्ताओं से बात करेंगे तथा मध्य प्रदेश के विकास के विजन, कांग्रेस संगठन को लेकर उनसे सुझाव लेंगे। यह कार्यक्रम 15 जून से 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में प्रादेशिक स्तर पर वर्कशॉप होगी। इसमें संगठन के ढांचे को लेकर मंथन किया जाएगा। युवा, महिला, दलित, आदिवासी तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ने को लेकर कार्यक्रम बनाए जाएंगे।

### बैठक में आए प्रमुख नेता बोले

**गद्दारों को सबक सिखाएगी जनता:** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- छिंदवाड़ा में भाजपा ने प्रशासन, पैसे और बेईमानी की कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन जनता गद्दारों को अच्छा सबक सिखाएगी।

**बेइमानी की तो हम लट्ठ बजाएंगे:** फूल सिंह बरैया ने कहा - भाजपा ने वोटों की लूट की है। वे ऐसा सोच रहे हैं कि वोटों की धांधली करके जीत जाएंगे। मतगणना को लेकर वे बेइमानी करेंगे तो हम लट्ठ बजाएंगे।

**गिरफ्तार होंगे पिता-पुत्र:** सज्जन सिंह वर्मा ने कहा - इंदौर में अक्षय बम को परिणाम भोगने पड़ेंगे। हमारे मालवा में कहावत है कि विष दे दो लेकिन विश्वास मत देना।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष के आरोपों को लेकर भाजपा प्रवक्ता ने दिया बयान

## कांग्रेस ने शुरू की सुनिश्चित हार के बहानों की तलाश: सिसौदिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा पत्रकार वार्ता में भाजपा पर लगाए गए आरोपों को कांग्रेस की हताशा बताते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने सभी आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस नेताओं की हताशा से यह स्पष्ट हो जाता है कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में परिणाम के पहले ही अपनी सुनिश्चित हार को स्वीकार कर लिया है और इस हार के लिए बहानों की तलाश शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है और पार्टी ने उसे बचाने की जद्दोजहद शुरू कर दी है।

### कमलनाथ सरकार के कारनामों को याद करना चाहिए

सिसौदिया ने कहा कि भाजपा पर आरोप लगाने वाले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले 2018 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद बनी कमलनाथ सरकार के कारनामों को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक मशीनरी का किस तरह दुरुपयोग किया जा सकता है, इसकी मिसाल 15 महीनों की कमलनाथ सरकार ने प्रस्तुत की थी। वहीं, भाजपा पर वादे पूरे न करने का आरोप लगाने वाले इन नेताओं को यह भी याद रखना चाहिए कि 2018 में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के किसानों, महिलाओं, युवाओं और अन्य वर्गों से जो वादे किए थे, उनका क्या हश्र हुआ था।

---



## दिल्ली में ग्लोबल बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड समारोह का सफल आयोजन

**नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर ,लोधी रोड नई दिल्ली में व्यापारियों के हित में कार्य कर रही राष्ट्रीय मुख्यधारा का सामाजिक संस्था ग्लोबल मैन्युफैक्चर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन ने मीडिया हाउस के सहयोग से ग्लोबल बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड समारोह का सफल आयोजन किया ! इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस आई एस ग्रुप इंटरप्राइजेज कंपनी के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राज्य सभा श्री आर के सिन्हा , रिटायर्ड जीएसटी कमिश्नर श्री संजय शरण , पूर्व अध्यक्ष एनएसआईसी डॉ एच पी कुमार , पूर्व स्पेशल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिल्ली श्री ओम सप्रा , प्रेसिडेंट एशियन फिल्म्स एंड टेलीविजन श्री संदीप मारवाह , चेयरमैन एमएसएमई चैंबर ऑफ कॉमर्स इंद्रजीत घोष, एक्स प्रेसीडेंट पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स डी के अग्रवाल, प्रेसिडेंट जीटीटीसी गौरव गुप्ता,ग्लोबल मैन्युफैक्चर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन के फाउंडर श्री सुशील श्रीवास्तव एवं मीडिया हाउस के सीईओ डॉ राजा तालुकदार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ! अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनिल बरेजा, श्री एस एस भड़ाना, मेघना शुक्ला, साइंटिस्ट आईसीएआर पुसा दिल्ली से अनामिका ठाकुर, चुनाव आयोग भारत सरकार से नीरज कुमार सिन्हा एवं युवा कवि आशीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित हुए ! व्यापार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों को बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया इस शुभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया कलाकारों द्वारा संगीत नृत्य का भी आयोजन किया गया जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए ! इस अवसर पर कुछ लोगों को अवार्ड से भी नवाजा गया जिन्होंने व्यापार और समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है।अवार्ड पाने वाले व्यक्ति या संस्था में संतोष श्रीवास्तव ,आशीष अरोड़ा,मेडिटेक हेल्थ केयर,अंश ब्यूटीकेयर , डॉ अंजली अग्रवाल,यासी बरेजा बत्रा,तरशेम सिंह, आदित्य अरोरा, तरसेम सिंह, दीपांशु आनंद, अंकुश चौधरी, मो0अदीब, जावेद खान, फैजान अहमद, गुरुप्रीत सिंह इत्यादि प्रमुख थे।

---

### दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान

# रिस्दी मुख्य मार्ग पर एक चलती कार में लगी आग, चालक समेत अन्य लोग बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में सिविल लाइन थाना के तहत रिस्दी मुख्य मार्ग पर एक चलती कार में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण कार में आग लगने की बात कही जा रही है। कार में सवार चालक समेत अन्य लोग किसी तरह बाहर निकलकर भागे। दमकल वाहन के आने से पहले कार धू-धूकर जलती रही। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पया। कार सवार परिवार नकटीखार से कोरबा की तरफ आ रहा था, जहां अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते कार में आग लग गई और हड़कप मच गया। कार सवार चालक समेत दो अन्य लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि कार सवार शादी कार्यक्रम में गए हुए थे जहां देर रात वापस लौटते समय ये हादसा हुआ है। अगर समय रहते कार से बाहर नहीं निकलते तो उनकी जान भी जा सकती थी।

### कार सवार शादी कार्यक्रम में गए थे, वहां से देर रात वापस लौटते समय हादसा हुआ



### खदान धसकने से मौत के मामले में ट्रैक्टर मालिक पर केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । गौरेला पेंड्रा मरवाही में गौरेला के दर्री गांव में कल हुए मुरुम खदान धसकने के मामले में गौरेला पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामले में बिना सुरक्षा उपाय के अवैध तरीके से मुरुम का उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। दरअसल पूरा घटना क्रम कल का है जहा पर गौरेला थानाक्षेत्र के दर्री गाव में अवैध तरीके से मिट्टी मुरुम खदान में मुरुम निकालने के दौरान 6 मजदूर खदान में दब गए जिसके बाद ग्रामीणों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 5 मजदूरों को तो बाहर निकाल लिया जिसमें से 2 मजदूर घायल थे जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है तो एक मजदूर दीनू गोंड की खदान में दबकर उसकी मौत हो गई।

---

# घूम-घूम कर बेच रहे थे नशीली दवा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले में घूम-घूम कर नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले तीन आरोपियों को तीन हजार छह सौ नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर टीम को सूचना मिली थी एक मोटर साइकिल में तीन युवक जोकि ग्राम पेंड्री से जांजगीर की ओर छह पैकेट मादक पदार्थ नशीली टेबलेट लेकर बिक्री के लिए जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस



टीम ने जांजगीर में मोटर साइकिल में बैठे युवकों से रोककर तलाशी ली जिसमे युवकों के पास से 3600 नग अल्पजोलम नशीली टेबलेट मिली। एएसपी राजेंद्र जायसवाल ने कहा की नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले लोगों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। तीनों आरोपीयों को जेल भेज दिया गया है।

---

### आरोपी चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था, तभी गिरफ्तार किया

# पुलिस ने जांजगीर से शातिर चोर पकड़ा, चोरी की सात बाइक जब्त, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा शिवरीनारायण जिला जांजगीर क्षेत्र के मोटर सायकल चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। आरोपी से सात चोरी की बाइक जब्त की गई है। पकड़ा गया आरोपी आशीष मनहर ग्राम कामता, थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा का रहने वाला है। कटघोरा और आसपास के क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी की घटना से लोग परेशान थे। जिसमें मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आशीष मनहर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से सात चोरी की बाइक बरामद किया है।




### चार बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बाइक चोरी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में आये दिन बाइक चोरी का मामला सामने आ रहा है। आरोपी रायपुर शहर में घूम-घूमकर चोरी की घटना को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी को चार मोटर सायकल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रार्थी झग्गर महिलांग ने सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था। उसने रिपोर्ट में बताया था कि वो अपनी मोटर सायकल को घर के सामने तरूणनगर पंडरी में खड़ा किया था। कुछ देर बाद आकर देखा, तो बाइक वहां पर नहीं था। किसी अज्ञात चोर ने बाइक को चोरी कर फरार हो गया था। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की। टीम के सदस्यों ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों को खंगाला। साथ ही मुखबीर भी लगाए गए। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी होरीलाल उर्फ मोनू को चोरी के वाहन के साथ रंगेहाथ पकड़ा।

### प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर में प्रेमिका की हत्या करने का मामला सामने आया है। मिल जानकारी के मुताबिक लिव इन रिलेशन में रह रही प्रेमिका की प्रेमी ने हत्या कर दी। दोनों पिछले पांच वर्षों से लिव इन में रह रहे थे। 23 वर्षीय निधि की 26 वर्षीय शत्रुघ्न ने की हत्या कर दी। कल देर रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था झगड़े के बाद गुस्साए प्रेमी ने निधि को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंगला क्षेत्र की घटना।

## खबर संक्षेप

### प्रियंका और डिंपल का वाराणसी में रोड शो



**वाराणसी।** वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी और सपा की सांसद डिंपल यादव के रोड शो का ऐलान किया गया है। 25 मई को प्रियंका गांधी और डिंपल यादव एक साथ बनारस में रोड शो करेंगी। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद दोनों लोग संत रविदास मंदिर जाएंगी। महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू होगा।

### गंगा स्नान के दौरान 5 युवकों की डूबने से मौत



**मुंगेर।** बेगूसराय में गंगा स्नान करने के दौरान पांच युवकों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गंगा घाट की है। मरने वालो में बरौनी निवासी सोनू कुमार के पुत्र रोहित कुमार (21) और बाबू साहब (17) हैं। वही अधिक शाह के पुत्र अजय कुमार (18), प्रकाश मिश्रा के पुत्र ओम मिश्रा (17) और चंदन राम के पुत्र कर्तव्य कुमार (20) शामिल हैं।

### पुल के नीचे गिरी बस कई घायल



**खूंटी।** झारखंड के खूंटी में यात्रियों से भरी एक बस पलट कर पुल के नीचे गिर गई है। तमाड़-खूंटी मार्ग पर सिंदरी पुल पर हुए इस हादसे में कई यात्री घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर तीन एंबुलेंस पहुंची हैं। घायलों को अड़की अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है।

### ताबड़-तोड़ चुनाव रैलियों में विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम योगी आदित्यनाथ

# सपा और कांग्रेस में बसती है औरंगजेब की आत्मा, जो राम को लाए उन्हें सत्ता में लाएं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को बस्ती, संत कबीर नगर, बलरामपुर, आजमगढ़ जनपद में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव रैलियां कीं। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

एजेंसी ▶▶ बस्ती

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बस्ती लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में जनता इंटर कालेज नगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लोकसभा चुनाव राम भक्त और राम विरोधियों के बीच हो रहा है। जनता कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे जिससे विरोधी धराशाई हो गए हैं। कोई मुसलमान भी अपने बच्चों का नाम भी औरंगजेब नहीं रखता है, लेकिन, औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस और सपा में बसती है। भाजपा की केंद्र सरकार ने नक्सलवाद का सफाया किया लेकिन ये लोग नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोलेंगे। सपा की सरकार में किसान आत्महत्या करता था लेकिन आज सभी वर्ग खुशहाल है।

**खास बातें**

- भाजपा ने आतंकवाद, नक्सलवाद का सफाया किया
- बंद चीनी मिलें शुरू करवाईं
- यूपी में कानून का राज
- पीएम मोदी ने 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त में राशन दिया



#### सपा ने आतंकियों की पैरवी की

योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस पार्टी आतंकवादियों, माफियाओं और भ्रष्टाचार करने वाले लोगों का हमेशा समर्थन करती रही है। यूपी में जब अखिलेश यादव सीएम थे, तब राम भक्तों पर हमला करने वाले आतंकवादियों का मुकदमा वापस लेने का प्रयास किए थे लेकिन न्यायपालिका ने ऐसा नहीं होने दिया। जब भाजपा 400 पार का नारा देती है तब सपा का सिर चकरा जाता है लेकिन सपा यूपी के 63 सीट पर भी चुनाव नहीं लड़ पा रही है।

#### गठबंधन से अनर्थ ही हुआ

योगी ने कहा कि जब-जब सपा-कांग्रेस का गठबंधन हुआ है, तब-तब देश में अनर्थ ही हुआ है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और यूपी में सपा की सरकार थी उस समय बनारस के संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हमला हुआ था और राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थी ये लोग राम विरोधी हैं। सपा के ही सरकार में बस्ती की मुंडेरवा चीनी मिल बंद हो गई थी लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार ने मुंडेरवा चीनी मिल को दुबारा चालू करवाया।

#### सपा सरकार में सुरक्षित नहीं थी बहन-बेटियां

योगी ने कहा कि सपा की सरकार में बहू, बेटियां, व्यापारी सुरक्षित नहीं थे आज पूरा यूपी अपराध मुक्त हो गया है और कानून का राज चलने लगा है। सपा के लोग माफियाओं के प्रति संवेदना रखते हैं अभी एक माफिया की मौत हो जाने पर सपा के लोग माफिया के घर जाकर मातम कर रहे थे। भाजपा सरकार ने यूपी में माफियाओं का कमर तोड़ने का काम किया है।

**मोदी के नेतृत्व में बना राम मंदिर**

योगी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और 500 साल बाद भगवान श्री राम अपने गर्भगृह में विराजमान हुए हैं। नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त में राशन, 60 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड और 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि देने का काम किया है।

### अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना

## देश की 140 करोड़ जनता इन्हें 140 सीटें भी जितने नहीं देगी



एजेंसी ▶▶ भदोही

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मंगलवार को भदोही, आजमगढ़ और संत कबीर नगर जनपद के क्षेत्रों में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा।

भदोही में अखिलेश यादव ने कहा कि लूट और झूठ वाली सरकार को जनता पूरी तरीके से समझ चुकी है। इस बार यह जो 400 सीट जीतने का दावा कर रहे हैं, देश की 140 करोड़ जनता इन्हें 140 सीटें भी जितने नहीं देगी। 25 मई को वोट देने साइकिल से जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के प्रधान सांसद अपनी क्योटो वाली सीट भी नहीं बचा पाएंगे। अखिलेश ने कहा कि ईवीएम का सात नंबर याद रखें 7 नंबर बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि जिंदगी की शुरुआत सात फेरों से होती है। उन्होंने कहा कि यूपी की 80 सीटों में एक भी सीट भाजपा की झूठी सरकार नहीं जीत सकेगी।

**झूठे वादों की कश्ती डुबेगी**

सपा अध्यक्ष ने संतकबीरनगर में कहा कि छठे चरण में जनता भाजपा के झूठे वादों की कश्ती डुबो देगी और छठे चरण में भाजपा की छंटाई कर देगी। उन्होंने कहा कि संतकबीरनगर में उमड़ा ये जनसमर्थन बता रहा है कि भाजपा के विरुद्ध उठा ये जन सैलाब भाजपा के कागजी कामों और झूठे वादों की कश्ती डुबो देगा। यादव ने कहा कि जनता 'इंडिया गठबंधन' से जिस उम्मीद और भरोसे से जुड़ रही है, हम उसका मान रखेंगे। जनता छठे चरण में भाजपा की भरपूर छंटाई कर देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया की सरकार जनता की सरकार।

**नेताजी की कर्मभूमि रही है आजमगढ़**

मैनपुरी सांसद व सपा नेता डिंपल यादव ने आजमगढ़ सीट से सपा प्रत्याशी के समर्थन में मेंहनगर विधान सभा के खरिहानी बाजार स्थित बंतरिया बाग में आयोजित चुनाव जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजमगढ़ हमेशा ही समाजवादियों का गढ़ रहा है। यह नेताजी (मुलायम यादव) की कर्मभूमि रही है। नेताजी सदैव आजमगढ़ को अपना दिल समझते थे। आजमगढ़ के विकास में सपा की सरकारों का बहुत योगदान रहा है। सीएम रहते अखिलेश ने भी जिले के विकास को नया आयाज देने का काम किया है। बीते 10 सालों में भाजपा की सरकार में हर तरफ बर्बादी का ही मंजर दिखा है।

### तेजस्वी का पीएम मोदी पर पलटवार

## 10 सालों के काम गिनाएं, हमें गाली न दें

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया है। तेजस्वी ने कहा है कि पीएम काम की बात तो करते नहीं हैं, सिर्फ मुझे और आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव को गाली देने बिहार आते हैं। तेजस्वी ने सवालिया लहजे में पूछा कि वो (पीएम नरेंद्र मोदी) बताएं कि 10 साल में क्या किया? पूर्व डिप्टी सीएम ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा इस बार साफ हो रही है क्योंकि उसने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। बिहार में रोजगार, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, कारखाना निवेश ये सभी वादे अधूरे हैं, जिसकी वजह से बिहार के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

### बीएचयू कोवैक्सीन शोध मामला

## बिना विभागाध्यक्ष की जानकारी के जोड़े सदस्यों के नाम आईसीएमआर को भेजी जांच रिपोर्ट में हुआ यह खुलासा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



बीएचयू के इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ (आईएमएस) में कोवैक्सीन पर हुए शोध रिपोर्ट में विभागाध्यक्ष की जानकारी के बिना ही सदस्यों के नाम जोड़े गए हैं। आईएमएस के जब विभागाध्यक्ष के स्तर पर पड़ताल कराई गई तो पता चला कि विभाग में सीनियर रेजिडेंट का नाम शोध में जोड़ा गया है। जबकि इसकी जानकारी न तो विभागाध्यक्ष को और न ही किसी कंसल्टेंट को दी गई। नियमानुसार कंसल्टेंट या विभागाध्यक्ष की जानकारी के बिना किसी तरह के शोध या अध्ययन में नाम नहीं जोड़ा जा सकता है। वहीं, अध्ययन में शामिल सदस्यों ने अपना जवाब भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को भेज दिया है। सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और आईसीएमआर के अगले कदम पर टिकी हैं। आईएमएस जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती और फार्माकोलॉजी विभाग की डॉ. उपिंदर कौर ने कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव वाला शोध किया है।

## अयोध्या के श्रीराम मंदिर परिसर में लगे 'कोविदार' पौधे आठ फीट के हुए, श्रद्धालुओं को जल्द शुरू कराए जाएंगे दर्शन

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में लगवाए गए कोविदार के पौधे अब छह से आठ फीट के हो चुके हैं। 21 जनवरी को मंदिर के लोकार्पण पर इसके 6 पौधे लगाए गए थे। इतिहासकार ललित मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में ये पौधे तेजी से बढ़ रहे हैं और चार महीने में ही मंदिर निर्माण पूरा होते ही इनके दर्शन भी शुरू हो जाएंगे। बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र की सलाहकार समिति के सदस्य ललित मिश्रा ने भुला दिए गए इस ऐतिहासिक वृक्ष की दोबारा खोज की थी। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि रामायण में अयोध्या के ध्वज पर कोविदार के वृक्ष के चिह्न लगाए जाने का उल्लेख मिलता है। हालांकि इसके बाद विभिन्न भाषाओं में लिखी गई 300 से ज्यादा रामायणों में यह तथ्य भुला दिया गया और अयोध्या के ध्वज का जिक्र भी नहीं आया।

**विश्व का पहला संकर पौधा है**



कोविदार विश्व का पहला संकर पौधा है। ललित मिश्र बताते हैं कि हरिवंशपुराण में यह बात लिखी है कि महर्षि कश्यप ने इसका निर्माण किया था। उन्होंने पारिजात के पौधे में मंदार के गुणों का मिश्रण कर इसे तैयार किया। मंदार के असर के कारण कोविदार के फूल बैंगनी रंग लिए होते हैं। एक अन्य आख्यान में महर्षि वाल्मीकि लिखते हैं कि कोविदार की पहचान इसका उज्ज्वल तना है।

## पेज एक का शेष

### शराब में धुत 'नाबालिग' ने ...

पर ही मौत हो गई। आरोपी नाबालिग 12वीं की परीक्षा पास करने पर अपने दोस्तों के साथ पार्टी करके लौट रहा था। वह शराब के नशे में करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था। एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले युवक अनीश अवधिया मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिंहपुर और युवती अश्विनी कोष्टा जबलपुर की रहने वाली थी। एक की डेड बॉडी 20 मई और दूसरे की आज 21 मई उनके घर पहुंची। अनीश के चाचा अखिलेश अवधिया ने कहा- ये हादसा नहीं हत्या है। आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी। गौर हो कि आरोपी के पिता ने इलेक्ट्रिक लग्जरी स्पोर्ट्स सेडान पोर्श कार मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर से खरीदी थी। डीलर ने टेंपरेरी रजिस्ट्रेशन के बाद यह कार विशाल को सौंप दी, लेकिन जरूरी फीस नहीं देने के कारण उसका रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं हो सका था।

**आरोपी पब में पार्टी करके लौट रहा था:** नाबालिग आरोपी 18 मई की रात अपने दोस्तों के साथ 12वीं पास करने की खुशी में पब से पार्टी करके वापस घर जा रहा था। रात करीब 2.15 बजे कार ने बाइक सवारों को टक्कर मारी थी। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने बताया- संकरी सड़क पर कार 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरी और एक बाइक को टक्कर मारते हुए आगे जाकर रुक गई।

**आरोपी को थाने में पिज्जा परोसा गया:** कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने आरोप लगाया है कि नाबालिग को हिरासत में लेने के बाद थाने में उसे पिज्जा-बर्गर परोसा गया। घटना के 11 घंटे बाद भी उनका ब्लड सैंपल नहीं लिया गया था। धांगेकर ने यह भी आरोप लगाया कि हादसे के बाद येरवडा पुलिस स्टेशन में करोड़ों का लेन-देन हुआ। शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राऊत ने आरोप लगाया कि पुलिस कमिश्नर आरोपी को बचा रहा। उसे सस्पेंड करें।

**15 घंटे में आरोपी को जमानत मिल गई थी:** -जुवेनाइल बोर्ड ने आरोपी नाबालिग को 15 घंटे के अंदर जमानत दे दी थी। अभी उसकी उम्र 17 साल 8 महीने है। पुणे पुलिस ने कहा है कि उन्होंने बोर्ड से आरोपी पर वयस्क के रूप में केस चलाने की परमिशन मांगी थी, लेकिन याचिका खारिज कर दी गई। पुलिस इसके खिलाफ अब सेशन कोर्ट में अपील करेगी। इसको लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की जमकर आलोचना हुई, इसके बाद पुलिस ने बिल्डर और पब मालिक को गिरफ्तार किया।

### कई सवालों के उत्तर...

मामले की जांच कर रही है और मैं आश्वासन देता हूं कि इस मामले को इसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाएगा।

### भाजपा ने केजरीवाल...

कि कोई भी किसी सीएम आवास पर जाता है और अगर उसका अपॉइंटमेंट नहीं होता है तो वह दरवाजे से ही लौटा दिया जाता है, बस इतना बता दीजिए कि वह अंदर कैसे पहुंचीं। त्रिवेदी ने कहा कि बिभव कुमार जो जेल में है आज की तारीख में वह न किसी सरकारी पद पर हैं न राजनीतिक पद पर है, अगर बिभव कुमार सीएम आवास में थें तो क्या उनका कोई अपॉइंटमेंट था? इस घटना के बाद अचानक वह गायब हो जाते हैं और लखनऊ में दिखते हैं। उसके बाद उनका अता पता नहीं चल पाता है और सीधा दिल्ली सीएम आवास में मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की एक महिला सांसद ने अपनी दुर्व्यवहार की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई और आप संसदीय दल के नेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुद कहा कि दुर्व्यवहार हुआ है। त्रिवेदी ने यह भी पूछा कि क्या इन सबके बाद आपकी पार्टी ने किसी प्रकार की कोई जांच गठित की और अगर नहीं गठित की तो किस आधार पर आपके नेता निष्कर्ष निकाल रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि हम अक्सर ऐसा देखते हैं कि अगर किसी राज्य में किसी पार्टी की सरकार है तो दूसरे दल के संसद के साथ दुर्व्यवहार होने की घटनाएं आई हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास का एक अद्भुत और विचित्र उदाहरण है, जिस दल की सरकार है उसी दल की सांसद के साथ मारपीट हुई।

### पहले भारत...

खतरे में नहीं डालेंगे। भारत ने पिछले साल श्रीलंकाई द्वीप पर चीनी जहाज के रुकने को लेकर चिंता जताई थी। श्रीलंकाई विदेश मंत्री साबरी ने कहा था कि भारत की चिंता हमारे लिए बेहद अहम है। हमने इसके लिए अब एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाया है और इसे बनाते वक्त भारत सहित दूसरे दोस्तों से सलाह भी ली थी। सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता सही है और हमारे लिए बहुत जरूरी भी है। हम अपने क्षेत्र को शांति का जोन बनाना चाहते हैं।

### ग्लोबल ट्रैवल...

सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव पहले के वर्षों की तुलना में इसकी तुलना को सीमित करते हैं।

**जीडीपी ग्रोथ में योगदान:** डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र का योगदान इस साल महामारी-पूर्व के स्तर पर लौटने की उम्मीद है, जो कि कोविड-19 से संबंधित यात्रा प्रतिबंधों को हटाने और मजबूत मांग में वृद्धि के कारण है। मध्य पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन में रिकवरी दर सबसे अधिक (2019 के स्तर से 20 प्रतिशत ऊपर) थी, जबकि यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका सभी ने 2023 में लगभग 90 प्रतिशत की मजबूत रिकवरी दिखाई। द्विवार्षिक सूचकांक ने विभिन्न कारकों और नीतियों के आधार पर 119 देशों के यात्रा और पर्यटन क्षेत्रों का विश्लेषण किया। जर्मनी छठे स्थान पर था, उसके बाद शीर्ष दस में यूके, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड थे। परिणामों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में आम तौर पर यात्रा और पर्यटन विकास के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियाँ बनी रहती हैं। इसे अनुकूल कारोबारी माहौल, गतिशील श्रम बाजार, खुली यात्रा नीतियों, मजबूत परिवहन और पर्यटन बुनियादी ढांचे और अच्छी तरह से विकसित प्राकृतिक, सांस्कृतिक और गैर-अवकाश आकर्षणों से मदद मिली।

### ये देश भी...

(छठे), सांस्कृतिक (9वें) और गैर-अवकाश (9वें) संसाधन यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं, और देश के लिए टॉप 10 में स्कोर करने वाले तीन में से केवल एक है।



चिंतन

# भारत विरोधी रिपोर्टों को अमेरिका ने झूठा बताया

भारत चाहे चुनाव के मौके हों या भारत की उपलब्धियों के अवसर हों, पश्चिमी मीडिया और शोध संस्थान भारत के प्रति नकारात्मक रिपोर्ट करते रहे हैं। भारत की समावेशी संस्कृति, विविधता में एकता और आर्थिक समृद्धि के प्रति पश्चिम की उपनिवेशी मानसिकता हमेशा पक्षपातपूर्ण रही है, इसमें भारत में रह रहे पश्चिमी संस्कृति से सम्मोहित लोग आग में घी का काम करते हैं। अभी जब भारत में आम चुनाव चल रहे हैं, तो अमेरिका मीडिया समूहों ने सयास पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की छवि भंजन के लिए भारत में अल्पसंख्यक दर्जा पाए मुस्लिमों को दरकिनार संबंधी पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट प्रकाशित की है। हालांकि यह नई बात नहीं है, पश्चिमी मीडिया का आचरण भारत के प्रति नकारात्मक ही रहा है, लेकिन अमेरिकी सरकार ने भारत विरोधी रिपोर्ट्स को झूठी बता कर अमेरिकी मीडिया को जहां आईना दिखाया है, वहीं भारत के प्रति अपने संबंधों के महत्व को समझा है। अमेरिकी सरकार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी देश की छवि खराब करने वालों को आड़े हाथ लेना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्रालय को अपने मीडिया समूहों की करतूतों पर दो बार भारत को लेकर सफाई देनी पड़ी है। इससे पहले 17 मई को व्हाइट हाउस ने कहा था कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र कहीं और नहीं हैं। अमेरिका और यूके के बड़े मीडिया समूह दशकों से भारत के खिलाफ प्रोपेगैंडा करते रहे हैं। अमेरिका ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता है, जीवंत लोकतंत्र है, सरकारी स्तर पर कोई भेदभाव नहीं होता है। अमेरिकी मीडिया ने भ्रमित रिपोर्ट लिखी कि 'भारत में मुस्लिम दरकिनार हुए हैं, अगर मोदी जीते तो खतरा बढ़ेगा'। जबकि भारत अपने संविधान से शासित है, व्यापक कानून व्यवस्था है, धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। शताब्दियों से सभी धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं, मुस्लिम समुदाय को हर वो नागरिक अधिकार प्राप्त है जो दूसरे धर्म के लोगों को। न्यूयॉर्क टाइम्स ने 19 मई को एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि 'भारत में रह रहे मुस्लिम परिवारों को हाशिए पर कर दिया गया है, वहां उनकी पहचान तक पर सवाल उठाए जा रहे हैं'। इस पर 20 मई को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सफाई देते हुए भारत की धार्मिक स्वतंत्रता की तारीफ की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम इन रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज करते हैं। इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया, जिसमें बताया गया था कि भारत में मुसलमानों का दमन हो रहा है। लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद से अमेरिकी मीडिया लगातार खबर छाप रहा है कि भारत में धर्मनिरपेक्ष ढांचे को खतरा है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खारिज कर चुके हैं। भारत में जब 1950 से 2015 के बीच मुस्लिम आबादी 43.15% तक बढ़ी हैं व इसके उलट, इसी दौरान हिंदुओं की आबादी में 7.82% की गिरावट देखी गई है, तो अल्पसंख्यकों पर जुल्म कैसे हो रहा है? भारत की छवि खराब करने और भ्रामक खबरों से भारत में धार्मिक विभाजन बढ़ाने की नाकाम कोशिश करने से अमेरिकी मीडिया समूहों की साख ही खत्म हो रही है। भारत के खिलाफ काम कर रही ताकतों को समझना चाहिए कि निगेटिव प्रोपेगैंडा से पीएम नरेन्द्र मोदी व उनकी राजग सरकार की छवि खराब नहीं की जा सकती है। अमेरि को अपने मीडिया समूहों पर लगाम लगानी चाहिए।

सारा संसार



केरल के थिरु वेंकटचलपति मंदिर में भगवान बालाजी का निवास है, जो भगवान विष्णु का एक अवतार हैं। मंदिर का निर्माण भगवान के तेलुगु भक्तों द्वारा किया गया है। मंदिर परिसर में नवग्रह, लिंग के रूप में शिव, गणेश, और भगवती की मूर्ती स्थापित है।

दिवस विशेष
रोहित कौशिक



# संकट में जैवविविधता

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर(डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार बीते पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैवविविधता नष्ट हो गई है। इस दौरान हर दस में से सात जैव-प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। सबसे ज्यादा हानि मीठे पानी की प्रजातियों को हुई है, जिनकी आबादी में 84 फीसदी की गिरावट दिखाई दी है। रिपोर्ट के अनुसार अगर जैवविविधता के संरक्षण हेतु ईमानदारी से प्रयास किए गए, तो भी 2050 से पहले इसमें सुधार की कोई संभावना दिखाई नहीं देती। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की भारत इकाई ने कहा है कि भारत में 12 फीसदी जंगली स्तनधारी जन्तु और चिड़ियों की तीन फीसदी प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, जबकि 19 फीसदी उभयचर गंभीर खतरे में हैं। इस अध्ययन में बताया गया है कि बीते चार दशकों में भारत की नमभूमि (वेटलैंड) का एक-तिहाई हिस्सा गायब हो चुका है। कटु सत्य तो यही है कि भारत समेत सम्पूर्ण विश्व की जैवविविधता तेजी के साथ घट रही है। जैवविविधता पर मंडराता यह खतरा हमारे पर्यावरण के लिए नित नई समस्याएं पैदा कर रहा है। स्वार्थ के चलते मनुष्य द्वारा किए गए प्राकृतिक दोहन का नतीजा यह हुआ कि बीते चालीस सालों में पशु-पक्षियों की संख्या घटकर एक तिहाई रह गई। इस दौरान पेड़-पौधों की विभिन्न प्रजातियां भी आश्चर्यजनक रूप से कम हुईं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियां तो विलुप्त होने के कगार पर हैं। दरअसल समृद्ध जैवविविधता हमारे पर्यावरण को पोषकता तो प्रदान करती ही है, हमारे जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। विडंबना यह है कि जैवविविधता के संकट को देखते हुए भी हम अपनी जीवन शैली को बदलने के लिए तैयार नहीं हैं। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपार्ट में कहा गया था कि मानवता उसी प्राकृतिक दुनिया को तेजी से नष्ट कर रही है, जिस पर उसकी समृद्धि और अस्तित्व टिका है। वनों, महासागरों, भूमि और वायु के दशकों से हो रहे दोहन और उन्हें जहरीला बनाए जाने के कारण हुए बदलावों ने दुनिया को खतरे में डाल दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार जानवरों और पौधों की 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई हैं। ये प्रजातियां पिछले एक करोड़ वर्ष की तुलना में हजारों गुणा तेजी से विलुप्त हो रही हैं। जिस तेजी से ये प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, उसे देखते हुए इतनी बड़ी संख्या में प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। रिपोर्ट में इस मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि हम अर्थव्यवस्था, आजीविका, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य व जीवन की गुणवत्ता के मूल को ही नष्ट कर रहे हैं। इस अध्ययन में इस बात पर भी विचार विमर्श किया गया था कि किस प्रकार हमारी प्रजातियों की बढ़ती पहुंच और भूख ने सभ्यता को बनाए रखने वाले संसाधनों के प्राकृतिक नवीनीकरण को संकट में डाल दिया है। दरअसल जब भी जीवों के संरक्षण की योजनाएं बनती हैं तो बाघ, शेर तथा हाथी जैसे बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है लेकिन पक्षियों के संरक्षण को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता है। वृक्षों की संख्या में वृद्धि, जैविक खेती को प्रोत्साहित तथा माइक्रोवेव प्रदूषण को कम करके काफी हद तक पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। पक्षियों के संरक्षण के लिए सरकार को भी कुछ ठोस योजनाएं बनानी होगी। अब समय आ गया है कि सरकार और हम मिलकर जैवविविधता को बचाने का प्रयास करें। जैवविविधता पर मंडराता यह खतरा हमारे अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न लगा सकता है।

(लेखक फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चुनाव
प्रमोद भार्गव

# मतदाता का मूड भांपना मुश्किल

आम चुनाव के दौरान अब तक संपन्न हुए पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम ही रहा है। पांचवें चरण में भी मतदान का प्रतिशत 59.14 रहा, जबकि 2019 में यह प्रतिशत 62 रहा था। राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयासों के बावजूद मतदान का न बढ़ना चिंताजनक है। शुरूआत में मतदाता जब बेफिक्र रहा, तो मतदान प्रतिशत कम रहा, किंतु जब वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकला तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक या परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के नतीजे शत-प्रतिशत खरे नहीं उतरते हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान अब तक संपन्न हुए पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम ही रहा है। पांचवें चरण में भी मतदान का प्रतिशत 59.14 रहा, जबकि 2019 में यह प्रतिशत 62 रहा था। उत्तर प्रदेश जहां राम-मंदिर निर्माण के मुद्दे को लेकर भाजपा को उम्मीद थी कि यहां मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन यहां कि 14 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव में 57.79 प्रतिशत मतदान रहा, जबकि 2019 में यह प्रतिशत 58.53 था। यहां खुशी की बात है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदान का प्रतिशत उम्मीद से कहीं ज्यादा रहा है। जम्मू-कश्मीर में 59 तो लद्दाख में 67.15 प्रतिशत रहा। इससे पता चलता है कि तीन दशक तक आतंक और अलगाववाद की गिरफ्त में रही इस घाटी में जनता ने धारा-370 के खात्मे को स्वीकार कर लिया है। पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण में सबसे ज्यादा 73.14 तो महाराष्ट्र में सबसे कम 53.67 प्रतिशत मतदान रहा। साफ है, राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयासों के बावजूद मतदान का न बढ़ना लोकतंत्र के लिए चिंताजनक पहलू है।

हालांकि अब तक हुए पांच चरणों में लगभग एक से दो प्रतिशत कम रहा मतदान कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अतएव एकाएक यह नहीं कह सकते कि यह घटा हुआ मतदान राजग को सत्ता से बाहर कर देगा, बल्कि अभी तक जितना मतदान हुआ है, वह सत्तापक्ष का ही समर्थन करता दिख रहा है। खासतौर से पहले दो चरणों में कम मतदान का कारण मतदाता की मतदान से बेफ्रिक्री भी रही थी। दरअसल, भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक मतदाता और कार्यकर्ता इस सोच में हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार का फिर से सत्ता में आना तय है। दूसरी तरफ कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन का मतदाता इसलिए निराश है, क्योंकि वह जानता है कि इस गठबंधन के पास न तो कोई केंद्रीय नेतृत्व है, न ही राष्ट्रीय दृष्टिकोण और न ही प्रचार के संसाधन, इसलिए इंडी गठबंधन राजग से मुकाबले में बहुत पीछे है। यह सोचकर मतदाता मान बैठा है कि कांग्रेस या इंडी गठबंधन को वोट दे भी दिया जाए तो उससे इच्छित परिणाम निकलने वाला नहीं है। एक और कारण है, शुरूआती दो चरणों में हुए मतदान के दौरान बड़ी संख्या में विवाह हो रहे थे, इसलिए लोग अपने मतदान केंद्रों से दूर किसी शहर या गांव में थे, अतएव मतदान से वंचित रह गए। बावजूद इसके जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा हो जाना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते अधिकांश सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने को मिल रहा है। यही रुख नरेन्द्र मोदी के संकल्प अर्थात 400 सीटें राजग की झोली में डालता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35-ए के खात्मे के साथ देश में तीन तलाक कानून खत्म करने जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। इसका परिणाम रहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान का प्रतिशत उछाल मार रहा



है। 10 वर्ष पहले के कश्मीर देखते हुए यह एक चमत्कार ही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही खुला और रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में और अधिक झुकी दिखाई दे रही है। नतीजतन, मतदाता इस भ्रम में उदासीन रहा कि भाजपा तो जीत ही जाएगी, अतएव मेरे एक वोट डालने से कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। इसी इकतरफा माहौल के चलते कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला।

दो चरणों में मतदान कम रहने से मोदी समर्थक मतदाता सचेत हो गया। एक बड़े वर्ग को लगा कि यदि वह मतदान करने घर से नहीं निकला, तो कम प्रतिशत कहीं मोदी सरकार को सत्ता में लौटने में परेशानी न पैदा कर दे? लोगों को वह कहानी भी याद आ गई होगी कि गांव का अकाल मिटाने के लिए जब ग्रामीणों को कहा गया कि सूखे तालाब में एक-एक लोटा दूध डालने से जब तालाब भर जाएगा, तो अकाल दूर हो जाएगा। किंतु यह सोचकर प्रत्येक ग्रामीण पानी का भरा लोटा डाल आया कि मेरे अलावा तो शेष मतदाता दूध का भरा लोटा डाल ही रहे हैं। शुरूआती दो चरणों के मतदान प्रतिशत के कम रहने पर तीसरे, चौथे और पांचों चरण के मतदाता ने यही सोचा कि यदि मैं अपना मत देने नहीं गया तो गांव के अकाल की तरह देश में स्पष्ट बहुमत वाली सत्ता का अकाल पड़ जाएगा। यह सोच भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का एक कारण रहा। कुछ लोग यह सोचकर भी सिहर गए होंगे कि कहीं स्पष्ट बहुमत न मिलने पर खिचड़ी सरकार का दौर न लौट आए, जिसमें उलझकर भारत ने अपने महत्वपूर्ण दो-तीन दशक बर्बाद कर दिए। नतीजनतन, मतदाता घर से निकला और वोट प्रतिशत बढ़ गया। सनद रहे कि यह बढ़त तब भी रही, जबकि मतदान वाले अधिकांश संसदीय क्षेत्रों में लोगों को चिलचिलाती धूप का सामना कराना पड़ रहा है। मतदान के शेष अगले चरणों में यदि मतदान 70 से 75 फीसदी से ऊपर पहुंचता है, तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदायों व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से मुक्ति दिलाएगाी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा हुआ मतदान उन सब मिथकों को तोड़ देता है, जो आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण के कारक बने रहे हैं। कश्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है, किंतु अब वहां हालात तेजी से बदल रहे है और कथित भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। जाहिर है, मतदाताओं को ध्रुवीकरण करने की राजनीति को पलीता लगने जा रहा है। नतीजतन संप्रदाय, वंशवाद और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लग रहा है। उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के दल संकट में दिखाई दे रहे हैं। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडी गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है।

इस तरह मतदान का घटा या बढ़ा हुआ प्रतिशत न तो मोदी सरकार के प्रति एंटी इन्कमबेंसी का इशारा है और न ही कांग्रेस या इंडी गठबंधन के प्रति बढ़ती उम्मीद का कोई कारण है? यह विशुद्ध रूप से मतदाता की मनःस्थिति से उपजा प्रतिशत है, जो हर चरण के साथ बदलता गया है। शुरूआत में मतदाता जब बेफिक्र रहा, तो मतदान प्रतिशत कम रहा, किंतु जब वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकला तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है, कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक या परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के नतीजे शत-प्रतिशत खरे नहीं उतरते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## शांति चाहते हैं तो ईमानदारी से करें काम



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

अंतर्मन




### आज की पाती

**मानव जीवन को सुव्यवस्थित करते है धार्मिक सिद्धान्त**

धार्मिक सिद्धान्त मानव जीवन में कोई बाधा नहीं पहुंचाते हैं वे तो जीवन को सुव्यस्थित कर देते हैं। उनका उपयोग जब तक मानव बना रहेगा, तब तक बना ही रहेगा। धर्म के सिद्धान्तों में प्रत्येक परिस्थिति जो जीवन में प्राय: बनती रहती है उन सारी समस्याओं का सम्यक निराकरण है। मानव के बहुमुखी विकास के लिये यह आवश्यक है, वह अपनी शक्तियों का न केवल व्यवस्थित संग्रह करे किन्तु उनका उपयोग भी मर्यादित ढंग से करे। अज्ञानता और अधर्म के प्रभाव से अक्सर देखा जाता है कि व्यक्ति अपनी अमूल्य जीवन शक्तियों को किसी आवेग के वश होकर बर्बाद किया करता है, परिणामस्वरुप जीवन के अनेक क्षेत्रों में वह व्यक्ति प्राय: असफल सिद्ध होता है। धार्मिक सिद्धान्त व्यक्ति को संयम की दिशा प्रदान करते हैं। *-कान्तिलाल मांडोत, सूरत*


### ट्रेंड

**जनता माफ नहीं करेगी**



सपा-कांग्रेस वालों का सुशासन और सनातन से 36 का रिश्ता है। प्रभु श्री राम का अपमान करने वालों को प्रयागराज की जनता कभी माफ नहीं करेगी। त्रिवेणी की इस पवित्र धरती को मैं प्रणाम करता हूं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**चुनौती का सामना करें**



प्रत्येक चुनौती और कठिनाइयों का विवेक और साहस के साथ सामना करें। हर चुनौती शारीरिक, मानसिक सामर्थ्य वृद्धि और विकास के नूतन अवसर लाती है।कठिन परिस्थितियों में भी सहज स्थिर और संतुलित रहने का प्रयास करें।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

**बीजेपी की सीटें घट रही**



देशभर में अब तक पांच चरणों में चुनाव हो चुके है। बीजेपी की सीटें हर जगह घट रही हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हरियाणा में भाजपा की सरकार एक अनैतिक सरकार है। यहां भी कांग्रेस की सरकार भारी बहुमत से बनने जा रही है। इसके संकेत साफ़ दिखाई दे रहे है।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष


**गाली का बदला वोट से**



अमित शाह ने देश की जनता को पाकिस्तानी बोला। बिना बुलाए नवाज़ शरीफ का केक काटने वाले मोदी, जिन्ना की कब्र पर माथा टेकने वाले भाजपाई, अमित शाह देश की जनता को पाकिस्तानी बोल रहे हैं देश तुम्हारी इस गाली का बदला वोट से लेगा।
-संजय सिंह, आप नेता

करंट अफेयर

## जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने नए नियम तय



जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब एक स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि माउंट फूजी पर्वत पर लगातार पर्वतारोहियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे वहां गंदगी फैल रही है और ये सुरक्षा और संरक्षण संबंधी चिंताओं का कारण बन रही है। यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होते हैं। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं। यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से एक बयान में बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी और इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।

ऑफ बीट

## जैतून के अलावा क्या अन्य तेल का इस्तेमाल करें



यदि आप अपना जैतून तेल थोक में खरीदते हैं, तो आने वाले सप्ताहों में आपको झटका लगने की संभावना है। प्रमुख सुपरमार्केट जैतून के तेल के चार लीटर टिन के लिए 65 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक और 750 मिलीलीटर की बोतल के लिए 26 डॉलर तक वसूल कर रहे हैं। हम वर्षों से जैतून के तेल के स्वास्थ्य लाभों के बारे में सुनते आ रहे हैं। और हम में से कई लोग इसे सलाद में शामिल कर रहे हैं, या इसे पकाने और तलने में इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन जीवनयापन की लागत के संकट के दौरान, ये ऊंची कीमतें जैतून के तेल को पहुंच से बाहर कर सकती हैं। आइए देखें कि जैतून के तेल की मांग क्यों है, यह अभी इतना महंगा क्यों है और कीमतें कम होने तक क्या करना चाहिए। क्या आप जानते हैं, जैतून का तेल आपके लिए इतना अच्छा क्यों है? अपने आहार में जैतून का तेल शामिल करने से टाइप 2 मधुमेह के विकास का जोखिम कम हो सकता है और रक्तचाप, प्रदाह और कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार के माध्यम से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इसका मुख्य कारण यह है कि जैतून के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड और पॉलीफेनोल्स (एंटीऑक्सिडेंट) प्रचुर मात्रा में होते हैं। कुछ शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि आप प्रतिदिन 20 ग्राम तक सेवन करने से ये लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## प्रयागराज और बिहार में मोदी ने विपक्ष पर किया जमकर वार

# इंडी गठबंधन की डूब रही नाव, सपा-कांग्रेस ले रहे झूठ का सहारा, इन्हें कुंभ और विकास की नहीं परिवारवाद और तुष्टीकरण की ज्यादा चिंता

मोदी ने कहा कि सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिन दहाड़े गोली और बम चलते थे। व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे। भाजपा सरकार माफिया के महलों को ढहाकर वहां गरीबों के लिए मकान बनवा रही है। सपा शासन काल में जाति देखकर नौकरी मिलती थी। यूपीपीएएससी का नाम बदलकर परिवार सर्विस कमीशन रख दिया गया था। वोट बैंक के लालच में यह लोग कुंभ की व्यवस्था ठीक तरीके से नहीं करते थे।




एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इलाहाबाद से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जिताने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिन दहाड़े गोली और बम चलते थे। व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे। भाजपा सरकार माफिया के महलों को ढहाकर वहां गरीबों के लिए मकान बनवा रही है। सपा शासन काल में जाति देखकर नौकरी मिलती थी। यूपीपीएएससी का नाम बदलकर परिवार सर्विस कमीशन रख दिया गया था। वोट बैंक के लालच में यह लोग कुंभ की व्यवस्था ठीक तरीके से नहीं करते थे। मोदी ने कहा कि चौबीस का चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर से बहेगी।राम मंदिर के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा।

### अब एक्सप्रेस वे और डिजिटल इंडिया से हो रही देश की पहचान

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत तेजी से बदल रहा है। विश्व पटल पर भारती की पहचान अब एक्सप्रेस वे से होती है। इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। भारत की डिजिटल टेक्नोलॉजी लेने के लिए विदेशी भी लालायित हैं। भारत आज भारत दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। यहां की टी-ट्वेंटी से दुनिया हैरान। कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। इंडी गठबंधन का एजेंडा है कि सत्ता में आए तो कश्मीर से आर्टिकल 370 और सीएए खत्म कर देंगे।

### जो काम 10 वर्षों में हुआ है, अब उससे ज्यादा 5 वर्षों में होगा



बिहार के पूर्वी चंपारण में एक जनसभा में मोदी ने कहा कि देश में गरीब की पूछ तब शुरू हुई, जब गरीब का ये बेटा प्रधानसेवक के रूप में आपकी सेवा में खपने लगा। पिछले 10 साल में मोदी का बहुत सारा समय पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में निकला है। जो काम 10 वर्षों में हुआ है, अब उससे ज्यादा काम अगले 5 वर्षों में होगा। ये मोदी की गारंटी है।

### वोट बैंक की खातिर कुछ भी कर रहे

पीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस को कुंभ से ज्यादा वोट बैंक की चिंता रहती है। इंडी गठबंधन वालों से विकास नहीं हो सकता। सपा-कांग्रेस के समय कुंभ में भगदड़ मच जाती थी। इनका सुशासन और हमारी आस्था से छत्तीस का रिश्ता है। सपा और कांग्रेस ने तुष्टिकरण का कंपटीशन होता था। इन लोगों ने राम मंदिर का बहिष्कार किया। आज हर गांव और जनपद को एक बराबर और भरपूर बिजली मिल रही है।



पटना में बोले पीएम

### कांग्रेस-आरजेडी ने रंगदारी टैक्स से बना दी थी बिहार की पहचान

पीएम मोदी पटना पहुंचे थे। दिवंगत सुशील मोदी के परिजनों से मिले। मोदी ने कहा कि जब डीएमके के लोगों ने बिहार के लोगों को गाली दी, जब तेलंगाना के कांग्रेस नेता ने गालियां दी तब भी ये शाही परिवार अपने होंठों पर ताला लगाए रहा। क्या इन्हें जिन्होंने बिहार का अपमान किया जो दिन-रात बिहार का अपमान करते हैं। मोदी ने कहा कि मैं दिल से जनता की सेवा करता हूं। इसलिए देश की जनता से मेरा दिल का रिश्ता है कांग्रेस और आरजेडी के कुकर्मों ने रंगदारी टैक्स के लिए बना दी थी।

#### राजनाथ ने भ्रष्टाचार पर झामुमो को घेरा



## कांग्रेस को राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में धूल न झोंके

रांची। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बोकारो भाजपा प्रत्याशी दुल्लू महतो के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की उपब्धियां बताते हुए कांग्रेस और झामुमो पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दोनों पार्टियों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में धूल झोंककर नहीं बल्कि आंखों में आंखें डालकर करें। आज झामुमो के लोगों की करतूत से देश की छवि खराब हुई है।यहां के भ्रष्टाचार के चर्चे हर जगह पर है।

#### जाखड़ ने इंडिया गठबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

### पंजाब में भाजपा का प्रचार करना ही चैलेंज

पंजाब में भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कांग्रेस और आप पर बड़ा हमला बोला है। जाखड़ ने कहा कि पंजाब में भाजपा का चुनावी कैंपेन मोदी के डेवलपमेंट मॉडल पर आधारित है। पंजाब को झूठ से नुकसान उठाना पड़ा है। यहां प्रचार करना भी कठिन है।





### आजमगढ़ में अखिलेश की जनसभा में फिर भगदड़

आजमगढ़ जिले में लालगंज के खरेवां में अखिलेश यादव की जनसभा में भगदड़ मच गई। लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। पुलिस ने मौके पर लोगों को शांत कराया और भीड़ को हटाया। मंच पर कार्यकर्ता जोश में आ गए।

#### ओडिशा में बोले गृहमंत्री शाह

## अब ये देश को समृद्ध, सुरक्षित बनाने का चुनाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पीएम मोदी के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति के लिए ओडिशा के संबलपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश भर में 5 चरण के चुनाव समाप्त हो चुके हैं। आपको मोदी जी को 400 पार कराना है। मोदी ने हमेशा ओडिया भाषा और संस्कृति का गौरव बढ़ाया है। ये चुनाव देश को समृद्ध, सुरक्षित और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।



### समग्र ओडिशा का पूर्ण विकास होगा

शाह ने कहा कि मैं आज कहकर जाता हूं, समग्र ओडिशा का पूर्ण विकास हो, इसके लिए भाजपा कटिबद्ध है। हम एक विकसित ओडिशा बनाना चाहते हैं।

#### रोहतक में नड्डा ने किया रोड शो

### पूर्व सीएम हुड्डा को अपना बेटा चाहिए लेकिन देश को चाहिए पीएम मोदी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रोहतक में भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा के साथ रोड शो निकाला। नड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अपना बेटा चाहिए, जबकि जनता को तीसरी बार मोदी सरकार चाहिए। आंबेडकर चौक पर रथ से नड्डा ने बिना माइक कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अबकी बार मेट्रो रोहतक पार। मेडिकल मोड़ से आगे डी पार्क, बजरंग भवन फाटक, कोआपरेटिव सोसायटी, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के कार्यालय, अशोका चौक, सुभाष चौक से वे गुजरे।



#### पीके ने कहा भाजपा की सीटें और बढ़ेंगी

### ये विपक्ष की बेवकूफी है... '400 पार' से भाजपा ने बदला गेम

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया और कांग्रेस इसमें फंस गई। यह कहना है चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का। उन्होंने बताया कि भाजपा ने चुनाव में पूरा गोल पोस्ट 272 सीटों से 370 पर शिफ्ट कर दिया। विपक्ष का आकलन इसी के इर्दगिर्द है कि भाजपा को 370 सीटें आएंगी या नहीं और 272 की कोई बात ही नहीं कर रहा है। ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, तमिलनाडु और केरल में जितनी सीटें भाजपा के पास हैं, उससे 15-20 सीटें बढ़कर आएंगी।



#### खबर संक्षेप

### गुजारा भत्ते के बाद नहीं मानी पत्नी तो जुर्माना

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में पूर्व पति से भारी भरकम गुजारा भत्ता लेने के बाद भी एफआईआर रद्द नहीं करने पर महिला के खिलाफ 50 हजार का जुर्माना लगा दिया है। महिला पर आरोप है कि वह अपने पूर्व पति से 22 लाख गुजारा भत्ता ले चुकी है, लेकिन मामले को निपटाने के लिए मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराने के लिए नहीं पेश हो रही है।

### गढ़वाल में 23 जगह धधके जंगल, 3 पर केस

**गढ़वाल।** प्रदेश में सोमवार को जंगल में आग की 23 घटनाएं हुई हैं। इसमें 22 गढ़वाल और एक वन्यजीव क्षेत्र की घटना है। जंगल में आग लगाने के आरोप में वन विभाग ने अज्ञात में 3 दर्ज किए हैं।नरेंद्रनगर वन प्रभाग में 2, सिविल वन पंचायत क्षेत्र में 2, मसूरी वन प्रभाग में 8, सिविल वन पंचायत क्षेत्र में 4, कालसी वन प्रभाग में 2 समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में बयंकर आग लगी हुई है। इससे लोगों में दहशत का माहौल भी देखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री यादव ने उन्हें बताया कि मोदी सरकार कर रही हैं छात्रों की चिंता, घबराने की जरूरत नहीं

# सीएम ने किर्गिस्तान में रह रहे प्रदेश के छात्रों से की 'वीडियो कॉल' से बात, सभी सुरक्षित

*किर्गिस्तान में पढ़ाई कर रहे मप्र के सभी करीब 1200 छात्र पूरी तरह से सुरक्षित हैं। भारत सरकार ने उन्हें हॉस्टल में ही रहकर पढ़ाई करने की एडवाइजरी जारी कर दी है।*




> जरूरी होने पर दूतावास से संपर्क करने के बाद ही कुछ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किर्गिस्तान में पढ़ाई कर रहे मप्र के सभी करीब 1200 छात्र पूरी तरह से सुरक्षित हैं। भारत सरकार ने उन्हें हॉस्टल में ही रहकर पढ़ाई करने की एडवाइजरी जारी कर दी है। सीएमडॉ. मोहन यादव ने उनमें से 4-5 छात्रों ने वीडियो कॉल के जरिए बात की। उन्होंने विदेश मंत्रालय से भी मप्र के छात्रों को सभी तरह की सुरक्षा मुहैया कराने को कहा है। उन्होंने बातचीत में छात्रों को आश्वस्त कराया कि राज्य सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर सजग है, विदेश मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में है। हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार चौकन्ना है।

> छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार चौकन्नी

> डॉ. यादव ने छात्रों से बातचीत में उनसे कहा कि वे हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई करें




### ढाई महीने के अवकाश में छात्र लौट आएं

बातचीत में छात्रों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि जल्दी ही उनकी परीक्षा होने वाली है। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि वे सभी परीक्षा दें, इसके बाद ढ़ाई महीने तक उनका अवकाश रहेगा, इस दौरान सभी छात्र वापस आ सकते हैं। डॉ. यादव ने किर्गिस्तान में पढ़ाई कर रहे रोहित पांचाल, रवि सराठे और विवेक शर्मा से बात की और उन्हें आश्वस्त किया है कि किसी भी प्रकार स्थिति वे मध्यप्रदेश में जिला प्रशासन से बात कर सकते हैं। राज्य सरकार को भी सूचित कर सकते हैं, तुरंत कार्रवाई करेंगे।

#### सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत से किया सवाल

## क्या अदालत अब गिरफ्तारी की वैधता की जांच कर सकती है?

### आज होगी फिर सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से पूछा कि ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद क्या अदालत अब गिरफ्तारी की वैधता की जांच कर सकती है?

कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट से पहले ही जमानत खारिज हो चुकी है और कोर्ट ने माना कि हेमंत सोरेन आरोपी हैं। ईडी ने कथित जमीन घोटाले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मामला दर्ज किया है।

### सामान्य जमानत की याचिका खारिज हो चुकी

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से कहा कि क्या अब गिरफ्तारी की वैधता की जांच हो सकती है? पहले वह अदालत को संतुष्ट करें कि जब उनकी सामान्य जमानत की याचिका खारिज हो गई है तो क्या उन्हें लोकसभा चुनाव में अंतरिम जमानत दी जा सकती है? हेमंत के वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने जवाब देने के लिए बुधवार तक का समय मांगा है। जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई बुधवार तक टाल दी है।

### ईडी ने किया जमानत का विरोध

ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत का विरोध किया है। ईडी का कहना है कि यह मामला केजरीवाल के मामले से अलग है।

### आप-कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने दिल्ली फतह करने के इरादे से बदली चुनावी रणनीति

# राष्ट्रीय राजधानी दिल्लीः भाजपा के 'क्लीन स्वीप' हैट्रिक के लक्ष्य को इंडी गठबंधन की चुनौती

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

अठारहवीं लोकसभा के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर छठे चरण में 25 मई को चुनाव होगा। पिछले दस साल से यहां सभी सीटों पर भाजपा काबिज है, जिसे 'क्लीन स्वीप' करके हैट्रिक बनाने से रोकने के लिए दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी उसी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरी है, जिससे पिछले चुनाव में 36 का आंकड़ा था। विपक्षी गठबंधन इंडिया के तहत आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा को चुनौती देने का प्रयास कर रही है। वहीं भाजपा ने इस गठजोड़ को चुनौती देने के लिए अपनी चुनावी रणनीति में व्यापक फेरबदल करते हुए छह लोकसभा सीटों पर नए चेहरों पर दांव खेला है। केवल उत्तर पूर्वी दिल्ली से ही मौजूदा सांसद मनोज तिवारी को जीत की तिगड़ी बनाने का मौका दिया है, जिसे चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने चर्चित कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। बहरहाल इस बार दिल्ली में भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच दिलचस्प और कड़ा चुनावी मुकाबला होने के आसार हैं, जहां सभी की नजरें लगी हुई हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 70 विधानसभा क्षेत्रों में से 10-10 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी सात लोकसभा सीटों होने वाले चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है और भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन पूरी ताकत झोंके हुए है। हालांकि राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण दिल्ली में धर्म या जातीगत समीकरण ज्यादा मायने नहीं रखते, लेकिन विपक्षी गठबंधन के दल और अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरी बहुजन समाज पार्टी ने जातीय समीकरणों के आधार सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी तय किये हैं। भाजपा ने दिल्ली फतेह करने के लिए इंडी गठबंधन के खिलाफ जिस चुनावी रणनीति के साथ चुनावी मैदान तैयार किया है। चुनाव प्रचार में भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से कहीं ज्यादा आप आक्रमक नजर आ रही है।



### किस दल ने कहां से किसे बनाया प्रत्याशी

**उत्तर पूर्वी दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी की यह लोकसभा सीट इस बार ज्यादा चर्चा में है, जहां भाजपा ने भोजपुरी गायक और दो बार के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाकर तीसरी बार भरोसा जताया है। इस सीट पर भाजपा के विजय रथ को रोकने की रणनीति से विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने भी अशोक कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**चांदनी चौकः** राष्ट्रीय राजधानी की चांदनी चौक सीट का अधिकांश क्षेत्र कारोबारी हब के रूप में जाना जाता है। यहां भाजपा ने मौजूदा सांसद डा. हर्षवर्धन के राजनीति से संन्यास लेने की वजह से नए चेहरे पर दांव खेला है। यभाजपा ने दिल्ली के प्रसिद्ध व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में पराजित जयप्रकाश अग्रवाल को प्रत्याशी बनाकर भरोसा जताया है। बसपा ने मुस्लिम व दलित समीकरण साधने के लिए अबुल कलमा आजाद को चुनाव मैदान में उतारा है।

**उत्तर पश्चिम दिल्लीः** राजधानी की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद एवं गायक हंसराज हंस का टिकट काटकर उतरी नगर निगम के पूर्व मेयर योगेंद्र चंढोलिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने यहां दलितों की राजनीति करते रहे उदित राज को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने विजय बौद्ध को उतारा है।

**नई दिल्लीः** इस सीट पर भाजपा ने मौजूद सांसद मीनाक्षी लेखी की जगह भाजपा दिग्गज रही स्व. सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अपना प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन से आप के सोमनाथ भारती चुनाव मैदान में हैं। बसपा ने राजकुमार आनंद को प्रत्याशी बनाया है।

**पूर्वी दिल्लीः** यहां भाजपा ने हर्ष मल्होत्रा के रूप में नया चेहरा उतारा है। आप ने इस सीट से कुलदीप कुमार (मोनू) को प्रत्याशी बनाया है। पिछला चुनाव यहां आप की अतिशी पराजित हुई थी। बसपा ने मोहम्मद वकार चौधरी पर दांव खेला है।

**दक्षिणी दिल्लीः**ग्रामीण इलाकों को कवर करने वाली इस सीट पर भाजपा ने दो बार के मौजूदा सांसद रमेश विधूडी की जगह दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामबीर सिंह विधूडी को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन से आप ने सहीराम पहलवान को उतारा है। बसपा प्रत्याशी के रुप में यहां अब्दुल बासित चुनावी जंग में हैं। इस सीट पर 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**पश्चिमी दिल्लीः** दिल्ली की इस सीट पर भाजपा ने नए चेहरे के रूप में दक्षिणी दिल्ली की पूर्व मेयर महिला प्रत्याशी कमलजीत सहरावत पर दांव खेला है, जबकि दो बार के मौजूदा सांसद प्रवेश वर्मा का टिकट काट दिया गया है। इस सीट पर भी इंडी गठबंधन से आप का प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद महाबल मिश्रा चुनाव मैदान में है, जिन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। इस सीट पर कुल 24 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें बसपा ने जातीय समीकरण साधने के मकसद से महिला प्रत्याशी के रुप में विशाखा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

# बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार

## वर्ष 2024 में अब तक मार्केट कैपिटलाइजेशन में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 21 मई को नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान पहली बार कंपनियों का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की वेबसाइट के मुताबिक, एक्सचेंज में लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 21 मई को 5.01 लाख करोड़ डॉलर यानी 412 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया। इस साल के शुरू से अब तक मार्केट कैपिटल में 633 अरब डॉलर से भी ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालांकि, बीएसई सेंसेक्स अब भी अपने ऑल टाइम हाई से 1.66 पर्सेंट नीचे है, जबकि बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 21 मई को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। नवंबर 2023 में बीएसई का कुल मार्केट कैपिटल 4 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था और अब महज 6 महीनों में यह 5 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया है। बीएसई में लिस्टेड फर्मों का मार्केट कैप मई 2007 में 1 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया था। इसके बाद इसे 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में एक दशक का समय लगा और जुलाई 2017 को मार्केट कैप ने यह आंकड़ा पार कर लिया। मई 2021 में मार्केट कैप ने 3 लाख करोड़ डॉलर के आंकड़े को पार कर लिया।



### अमेरिकी बाजार में 10 फीसदी की बढ़त रही

*ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2024 में अब तक भारत के मार्केट कैपिटल में तकरीबन 12 पर्सेंट की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है, जबकि इस दौरान अमेरिकी बाजार में 10 पर्सेंट की बढ़त देखने को मिली है। इसके अलावा, हॉन्गकॉन्ग के बाजार में 16 पर्सेंट की तेजी रही है। चीन और जापान का मार्केट कैप मोटे तौर पर स्थिर रहा है।*

### चार देशों के बाजार 5 लाख करोड़ डॉलर पार

*फिलहाल, दुनिया भर में सिर्फ 4 देशों के स्टॉक मार्केट का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा रहा है। इन देशों में अमेरिका, चीन, जापान और हॉन्गकॉन्ग शामिल हैं। अमेरिका 55.65 लाख करोड़ डॉलर के मार्केट कैप के साथ सबसे आगे है। इसके बाद क्रमशः चीन (9.4 लाख करोड़ डॉलर), जापान (6.42 लाख करोड़ डॉलर) और हॉन्गकॉन्ग (5.47 लाख करोड़ डॉलर) शामिल हैं।*

### सेंसेक्स 53 अंक टूटा, निफ्टी में मामूली बढ़त

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगभग 53 अंक के नुकसान में रहा। एशिया तथा यूरोप के बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 52.63 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,953.31 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 18 नुकसान में जबकि 12 लाभ में रहे। हालांकि, धातु शेयरों में तेजी के साथ निफ्टी 27.05 अंक की बढ़त के साथ 22,529.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 27 शेयर नुकसान में जबकि 23 लाभ में रहे।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य अब नाजुक होता जा रहा : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान भरने की दहलीज पर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य नाजुक होता जा रहा है। इसका कारण एक तरफ मुद्रास्फीति में में जो गिरावट आ रही थी, वह अब थमती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम फिर से बढ़ रहा है। इसमें कहा गया है कि पूंजी प्रवाह अस्थिर हो गया है क्योंकि घबराए निवेशक जोखिम लेने से बचने लगे हैं। यह लेख रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। लेख में निजी निवेश के बारे में लिखा गया है कि सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों ने कमाई का कुछ हिस्सा जो अपने पास रखा, वह 2023-24 की दूसरी छमाही में कोष का प्रमुख स्रोत बना रहा। सूचीबद्ध कंपनियों के अबतक घोषित वित्तीय परिणाम बताते हैं कि उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना और तिमाही आधार पर राजस्व में जो वृद्धि हासिल की, वह सर्वाधिक थी। लेख में लिखा गया है कि हेडलाइन (सकल) मुद्रास्फीति में इस साल अप्रैल में मामूली कमी आई। यह हमारी उम्मीदों के अनुरूप है।

## मुनाफावसूली से सोने, चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आईं। कमजोर वैश्विक रुख और मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में 550 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सदस्यों में से एक की तीखी टिप्पणियों से प्रभावित हुईं, जिन्होंने सुझाव दिया कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाने के लिए ब्याज दरों को लंबी अवधि तक मौजूदा स्तर पर जारी रखने की आवश्यकता होगी। सोने की कीमत 550 रुपये गिरकर 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में सोना 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,600 रुपये टूटकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में यह 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।



## जेएसडब्ल्यू 3000 करोड़ रुपए के निवेश से लगाएगी इंटीग्रेटेड सीमेंट प्लांट

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू समूह की जेएसडब्ल्यू सीमेंट अब उत्तर भारत के बाजारों में अपनी पैठ मजबूत करने के लिए बड़े निवेश की योजना बना रही है। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने 3000 करोड़ रुपए के निवेश से राजस्थान के नागौर जिले में ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड सीमेंट मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाने की योजना बनाई है। इस सीमेंट फैक्ट्री के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह हाल में ही हुआ है। इस नई सीमेंट फैक्ट्री में एक क्लिंकराइजेशन यूनिट भी शामिल है जिसकी क्षमता 3.30 एमटीपीए होगी और 2.50 एमटीपीए की ग्राइडिंग यूनिट भी शामिल हैं। इसमें 18 मेगावॉट का वेस्ट हीट रिकवरी बेस्ड पावर प्लांट भी होगा। कंपनी के एमडी ने ये भी कहा कि नागौर में इस इंटीग्रेटेड सीमेंट फैसिलिटी के जरिए जेएसडब्ल्यू सीमेंट देश भर में अपने कदम जमाने के लक्ष्य को पूरा करने की राह पर आगे बढ़ेगी और अगले कुछ सालों में ये टार्गेट पूरा होगा।




## इक्विटी पूंजी बढ़ाने एफपीओ लाने पर विचार कर रही इरेडा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने सोमवार को कहा कि हम कंपनी में इक्विटी पूंजी बढ़ाने के लिए अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) लाने की योजना बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पिछले साल नवंबर में 2,150 करोड़ रुपये का आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) लेकर आई थी। दास ने यहां कहा, 'हमने 24,200 करोड़ रुपये बाजार से जुटाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन हमारा अनुमान है कि नवीकरणीय ऊर्जा और नये उद्योगों (हरित हाइड्रोजन, बैटरी भंडारण आदि) की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमें और इक्विटी पूंजी चाहिए। इसके लिए हम एफपीओ लाने पर विचार कर रहे हैं।'एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'इस समय एफपीओ के आकार के बारे में अभी कुछ बताना मुश्किल होगा। यह अगले वित्त वर्ष के आखिर या अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में आ सकता है।' दास ने कहा कि हम चालू वित्त वर्ष में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक कर्ज वितरण की उम्मीद कर रहे हैं।




**प्रतिवादी की उपस्थिति आवश्यक करने की उद्घोषणा**
(नागरिक प्रक्रिया संहिता के आदेश 5, नियम 20)
न्यायालय श्री सुरिन्दर एस. राठी,
जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक न्यायालय-03),
कमरा नं. 303, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

मुकदमा पंजी. नं. सीएस (कॉम) नं. 195/2024
यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ...वादी
विरुद्ध
**नरेंद्र कुमार शर्मा**
...प्रतिवादी

प्रति,
नरेंद्र कुमार शर्मा (मै. लक्ष्मी मैटल्स के प्रोपराइटर) पुत्र श्री राम निवाश, 56ए, प्रथम तल, निकट सैंट जोसेफ स्कूल, शाहदरा, दिल्ली-110032
**पर भी :-** नरेंद्र कुमार शर्मा (मै. लक्ष्मी मैटल्स के प्रोपराइटर) पुत्र श्री राम निवाश, 483-सी, प्लॉट नं. 15, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिलशाद गार्डन, शाहदरा, दिल्ली-110095
**पर भी :-** नरेंद्र कुमार शर्मा (मै. लक्ष्मी मैटल्स के प्रोपराइटर) पुत्र श्री राम निवाश, 2/73, तृतीय तल भीम गली, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली-110095

चूंकि आप जानबूझकर इस न्यायालय के सम्मन की तामील करने से बच रहे हैं, एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त केस के अंतिम निपटारे हेतु निर्धारित दिवस 03.06.2024 को केस की पैरवी नहीं करेंगे तो इस सुनवाई और निर्णय एकतरफा कर दिया जाएगा।

दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

जिला न्यायाधीश
(वाणिज्यिक न्यायालय) -03,
शाहदरा जिला कड़कड़डूमा न्यायालय,
दिल्ली

## बीपीसीएल ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमओपीए) पर नई हाइड्रेंटसुविधाओं के साथ विमानन ईंधन क्षमताओं को बढ़ाया

**मुंबई/गोवा।** एक महारत्न और भारत का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी स्वामित्व वाला डाउनस्ट्रीम तेल उत्पादक भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) उत्तरी गोवा में 'नव स्थापित मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा में अत्याधुनिक हाइड्रेंट सुविधाओं का उद्घाटन किया। बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन, कंवरबीर सिंह कालरा (डिप्टी सीईओ, जीएमआर गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीजीआईएएल) और बीपीसीएल और जीजीआईएएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सुविधाओं का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन ने कहा, "मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन अत्याधुनिक हाइड्रेंट सुविधाओं का उद्घाटन भारत में विमानन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए बीपीसीएल की इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य बढ़ती ईंधन भरने की मांगों को पूरा करना और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करना है। बीपीसीएल अग्रणी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है जो विमानन क्षेत्र की मजबूत वृद्धि का समर्थन करती है, दक्षता, सुरक्षा और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करती है।" 6 एकड़ भूमि में फैले, हाइड्रेंट ईंधन फार्म की भंडारण क्षमता 8,270 किलोलीटर है। हाइड्रेंट प्रणाली में भूमिगत पाइपलाइनों का एक जटिल नेटवर्क शामिल है जो हवाई अड्डे के 13 विमान पार्किंग वे से निर्बाध रूप से जुड़ता है।



**ज्योतिष**

**सबको आजमाया बार-बार**
**हमें आजमाये सिर्फ एक बार**
**तंत्र-मंत्र के सम्राट**
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान

**बाबा अकबर खान**
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया,
कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी,
सौतन व दुश्मन से छुटकारा,
A to Z सभी समस्याओं का
तुरंत समाधान पायें।
**9810842229**
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## रेलवे ऑफिसर्स ने लगाया जीत का चौका

**नई दिल्ली।** यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेशन स्टेडियम में खेली जा रही लीग में रेलवे ऑफिसर्स की टीम ने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को 36 रनों से हराकर चौथी जीत दर्ज की। अनंत वैभव तोमर के लगातार बाएं हाथ के स्पिनर भगत सिंह की छह गेंदों में छह छक्के व 72 रनों की पारी की बदौलत रेलवे ऑफिसर्स ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 193 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पूरी टीम निर्धारित 20ओवर्स में नौ विकेट केवल 157 रन ही बना सकी।

## इंडियन ऑयल ने श्रीलंका को प्रीमियर ईंधन XP100 का निर्यात किया

**नई दिल्ली।** भारत की ऊर्जा प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल ने आज जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, नवा शेवा, नवी मुंबई से सुपीरियर 100 ऑक्टेन प्रीमियर ईंधन, XP100 का अपना पार्सल निर्यात किया। प्रीमियर हाई एंड वाहनों के लिए तैयार, XP100 श्रीलंका में अपने ग्राहकों के लिए बेहतर प्रदर्शन की पेशकश करने के लिए तैयार है। श्रीलंका को तेल निर्यात करने का यह माइलस्टोन वैश्विक ऊर्जा खिलाडी बनने की इंडियन ऑयल की महत्वाकांक्षा का प्रतीक है, जिसे न केवल संचालन के पैमाने के लिए बल्कि उत्पादों की गुणवता और स्थायी भविष्य में योगदान के लिए भी मान्यता प्राप्त है। उद्धघाटन शिपमेंट को हरी झंडी दिखाते हुए इंडियन ऑयल के निदेशक वी सतीश कुमार ने कहा, आज एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि हमारा एक और उत्पाद श्रीलंका में नए बाजारों को जीतने के लिए आगे बढ रहा है। यह तीसरी बार है जब हम किसी उत्पाद को विदेश ले जा रहे है। जो भारत से दुनिया भर में गुणवतापूर्ण उत्पाद भेजने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में गिरीश थॉमस, जीएम, जेएनपीए, लंका आईओसी टीम, इंडियन ऑयल के कर्मचारी और बंदरगाह अधिकारी उपस्थित थे।




**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि मधु गुप्ता, पत्नीः अमृत गुप्ता, पताः बी1/272, सैक्टर-17, रोहिणी, दिल्ली ने **FIR No. 321/2017, U/s 420/406 IPC**, थानाः पटेल नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मधु गुप्ता, मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मधु गुप्ता, फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 321/2017, U/s 420/406 IPC**, थानाः पटेल नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त मधु गुप्ता, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 24.06.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा, एलडी
एसीएमएम, पश्चिम
कमरा नंबर 145,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5899/CD/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद फिरोज** पुत्र **मूमू** निवासी **5वां पुस्ता, तिकोना पार्क, भजनपुरा, उत्तर पूर्वी दिल्ली** ने case **FIR No. 630/2022 U/s 379/34 IPC, थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद फिरोज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद फिरोज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 630/2022 U/s 379/34 IPC, थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद फिरोज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.08.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-08
केन्दीय जिला, कमरा नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5977/N/2024(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# सेबी ने आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए नियम बदले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियों के लिए बाजार नियामक सेबी ने कहा है कि बिक्री पेशकश (ओएफएस) के आकार में किसी भी बदलाव के लिए नए सिरे से फाइलिंग की जरूरत सिर्फ रुपये में निर्गम के आकार या शेयरों की संख्या पर ही आधारित होगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक अधिसूचना में कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है।


अधिसूचना के मुताबिक, निर्गम के बाद इक्विटी शेयर पूंजी का पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाली प्रवर्तक समूह की इकाइयों और गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों को प्रवर्तक के रूप में चिह्नित किए बगैर 'न्यूनतम प्रवर्तक अंशदान' (एमपीसी) में आई कमी की भरपाई की अनुमति दी जा सकती है। सेबी ने 17 मई को जारी इस अधिसूचना में बैंक हड़ताल जैसी अप्रत्याशित घटनाओं के कारण बोली बंद करने की तारीख को न्यूनतम तीन दिन की वर्तमान आवश्यकता के बजाय न्यूनतम एक दिन बढ़ाने का प्रावधान किया है। इन प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए सेबी ने आईसीडीआर नियमों में संशोधन किया है।

## जेपी विश्वविद्यालय सोलन के छात्र को प्रतिष्ठित लॉरेंस मजडॉक फेलोशिप में सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश से एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की पूर्व छात्रा जसमीत कोर को जेयूआईटी के विदेशी छात्र विनिमय कार्यक्रम के माध्यम से चुना गया था। वह अब रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और स्वास्थ्य विज्ञान विभाग, एसडी माइंस, एसडी, यूएसए में स्नातक अनुसंधान सहायक के रूप में काम कर रही है। उन्हें हाल ही में यूएसए में प्रतिष्ठित लॉरेंस जे मजलैक फेलोशिप से सम्मानित किया गया। वह एसडी मांइस, यूएसए के प्रोफेसर राजेश सानी के साथ काम कर रही हैं। प्रोफेसर सानी ने कहा कि लॉरेंस जे मजलैक फेलोशिप जिसका मूल्य 3000 डॉलर है, प्रत्येक पीएचडी कार्यक्रम के भीतर एक योग्य प्राप्तकर्ता को दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। प्राप्तकर्ता को उनके कार्यक्रम प्रमुखों द्वारा चुना जाता है।



### शब्द पहेली - 5518



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5517 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रु | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |

### सूडोकु नवताल - 5529

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5528 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# विनेश, पंघाल, हुड्डा, मलिक सहित 6 पहलवानों को नहीं देना होगा ट्रायल, डायरेक्ट एंट्री

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती संघ ने विनेश फोगाट सहित 6 पहलवानों को पेरिस ओलंपिक में बिना ट्रायल के डायरेक्ट एंट्री देने का निर्णय लिया है। 2024 में पेरिस ओलंपिक्स करीब आते जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 26 जुलाई को होगी और ये खेल 11 अगस्त तक चलेंगे। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि आगामी ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में कोई ट्रायल नहीं होगा।

इस फैसले का मतलब है कि कोटा मिले हुए रेसलर्स को ओलंपिक खेलों में सीधी एंट्री दी जाएगी। पुराने अधिकारियों ने ट्रायल का नियम बनाया था, लेकिन अब कुछ एथलीट्स की मांग पर ट्रायल ना करवाने का निर्णय लिया गया है।संघ ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिये।

### फॉर्म व फिटनेस का आकलन हंगरी में

संघ ने कहा कि इन पहलवानों के फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिये छह कोटा हासिल किये हैं।




### इनको मिली कोटा से एंट्री

कोटा के तहत ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय जत्थे में शामिल पहलवानों में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), रितिका हुड्डा (76 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा) शामिल हैं। वहीं पुरुष पहलवानों में कोटा से ओलंपिक खेलों में जाने वाले एकमात्र पहलवान अमन सहरावत होंगे, जो 57 किग्रा स्पर्धा में भाग लेंगे।

### अमन-निशा का बेहतर प्रदर्शन

अमन सहरावत और निशा दहिया ने इसी साल इस्तांबुल में हुए रेसलिंग क्वालीफायर्स में अच्छा करते हुए कोटा हासिल किया था। यानी कोटा मिलने वाले 6 रेसलर्स अब बिना ट्रायल प्रक्रिया से गुजरे ओलंपिक खेलों में दावेदारी पेश कर पाएंगे।







### क्यों मिल रही डायरेक्ट एंट्री

*कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने अपनी स्टेटमेंट में डायरेक्ट एंट्री का कारण बताते हुए कहा कि पांच पहलवानों ने हमसे आग्रह किया था कि ट्रायल ना करवाए जाएं क्योंकि इससे उनकी तैयारियों पर असर पड़ेगा। ऐसे में उन्हें वजन घटाना पड़ता और पूरा ध्यान ट्रायल्स पर चला जाता। चूंकि पेरिस ओलंपिक खेलों में बहुत कम समय बचा है इसलिए चयन समिति ने ट्रायल ना करवाने का निर्णय लिया है और ओलंपिक टीम में कोटा मिले रेसलर्स जाएंगे। कुश्ती संघ पहले भी ऐसा ही करता आया है।*

---

### आईपीएल

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





विराट कोहली — **708 रन** — बेंगलोर

हर्षल पटेल — **24 विकेट** — पंजाब

### बाउंड्री मीटर

**2070** चौके

**1208** छक्के

### खबर संक्षेप



#### एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

**कोबे (जापान)।** भारत की एकता भयान ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैम्पियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था। एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।

#### चंद्रू ने जसकरण को हराकर डब्ल्यूबीसी इंडिया राष्ट्रीय खिताब जीता

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते हुए मुक्केबाज चंद्रू जी ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू उम्मीद के मुताबिक जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने हालांकि धीमी की शुरुआत की और जसकरण (9-3) ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दूसरे दौर से हालांकि चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। रैफरी केविन डेविड ने इसके बाद मुकाबला रोककर चंद्रू को विजेता घोषित किया। इस बीच अक्षय चहल और राम सिंह के बीच आठ दौर का मुकाबला बराबरी पर छूटा जबकि हरियाणा के आशीष चौधरी ने पंजाब के मनीष शर्मा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।




#### त्रिसा-गायत्री मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया। पुरूष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश कुमार करूणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया।

---

### हार के बाद भी हैदराबाद के पास मौका

# सनराइजर्स को आठ विकेट से रौंद कर केकेआर ने कटाया फाइनल का टिकट

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

मिचेल स्टार्क (34 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (24 गेंद में नाबाद 58) और वेंकटेश अय्यर (28 गेंद में नाबाद 51) की आक्रामक पारियों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सनराइजर्स की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने महज 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार इस लीग में फाइनल का टिकट कटाया। सनराइजर्स को 26 मई को खेले जाने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बुधवार को खेले जाने वाले एलिमिनेटर के विजेता से शुक्रवार (24 मई) भिड़ना होगा। श्रेयस और वेंकटेश दोनों ने अपनी नाबाद पारियों में एक समान पांच चौके और चार छक्के जड़े। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 44 गेंद में 97 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की एकतरफा जीत पक्की की। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा (17 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने पहले दो ओवरों में शानदार लय में चल रहे सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड (शून्य) और अभिषेक शर्मा (तीन) को पवेलियन की राह दिखा दी। वरुण चक्रवर्ती (26 रन पर दो विकेट) और सुनील नारायण (40 रन पर एक विकेट) की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक पैर जमाने का मौका नहीं दिया। हर्षित राणा (27 रन पर एक विकेट) और आंद्रे रसेल (15 रन पर एक विकेट) को भी एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स के लिए त्रिपाठी ने 35 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का की मदद से 55 रन बनाने के साथ क्लासेन (32) के साथ महज 37 गेंद में 62 रन की आक्रामक साझेदारी की।



स्टार्क मैन ऑफ द मैच

#### हैदराबाद-159/10 (19.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड बो स्टार्क | 00 |
| अभिषेक का रसेल बो अरोड़ा | 03 |
| राहुल त्रिपाठी रन आउट | 55 |
| नीतिश का रहमानुल्लाह बो स्टार्क | 09 |
| शाहबाज अहमद बो स्टार्क | 00 |
| हेनरिच का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 32 |
| अब्दुल का अय्यर बो हर्षित | 16 |
| सनवीर सिंह बो नारायण | 00 |
| पैट का रहमानुल्लाह बो रसेल | 30 |
| भुवनेश्वर पगबाधा चक्रवर्ती | 00 |
| विजयकांत नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 07
कुल योग: (19.3 ओवर में सभी आउट) 159 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-13, 3-39, 4-39, 5-101, 6-121, 7-121, 8-125, 9-126
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-34-3, अरोड़ा 2-0-17-1, हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

#### केकेआर-164/2 (13.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज का व्यासकांत बो नटराजन | 23 |
| सुनील का व्यासकांत बो कमिंस | 21 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 51 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 58 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: (13.4 ओवर में दो विकेट पर) 164 रन
विकेट पतन: 1-44, 2-67
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 3-0-28-0, कमिंस 3-0-38-1, नटराजन 3-0-22-1, व्यासकांत 2-0-22-0, रेड्डी 1.4-0-32-0, शाहबाज 1-0-13-0



#### रॉयल्स के सामने आरसीबी की कठिन चुनौती आज

**अहमदाबाद।** संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। आरसीबी प्लेआफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। मैच आज 22 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। अब तक दोनों टीमें कुल 31 मैचों में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 15 में आरसीबी ने जीत दर्ज की है और 13 मैच आरआर ने जीते हैं।

---

### क्रिकेट

## टीम इंडिया का कोच बनना चाहते हैं हरभजन, खुद जताई इच्छा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में टीम इंडिया को नया कोच देने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने चयन प्रक्रिया को तेज कर दिया है। पहले स्टीफन फ्लेमिंग, फिर रिकी पोंटिंग और गौतम गंभीर के नाम सामने आ चुके हैं। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि भारतीय दिग्गज स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह ने भारतीय टीम का नया कोच बनने की इच्छा जताई है। हरभजन का कहना है कि कोच होने का मतलब टीम को मैनेज करना होता है, ना कि खिलाड़ियों को बैटिंग या बॉलिंग सिखाना।

- टी20 वर्ल्ड कप के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल हो रहा है समाप्त

#### बैटिंग-बॉलिंग ही नहीं कोच करता है सही मार्गदर्शन

हरभजन का कहना है कि अगर उन्हें मौका मिला तो वो क्रिकेट फील्ड पर दोबारा जरूर आना चाहेंगे। हरभजन ने कहा कि कोचिंग का मतलब टीम को मैनेज करना है ना कि खिलाड़ियों को ड्राइव या पुल शॉट सिखाना। हरभजन ने कहा है कि ये खिलाड़ी पहले से सब कुछ जानते हैं लेकिन एक अच्छा कोच उनका सही मार्गदर्शन कर सकता है।

#### चयन कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

बता दें कि बीसीसीआई ने पिछले हफ्ते एलान किया था कि टीम इंडिया के नए हेड कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नए कोच का कार्यकाल 1 जुलाई, 2024 से शुरू होकर 31 दिसंबर, 2027 तक चलेगा। यानी नए कोच पर 2027 वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए एक बेहतर टीम तैयार करने की जिम्मेदारी होगी। कोच पद के आवेदन के लिए आखिरी तारीख 27 मई तय की गई है।

---

## वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका, चोटिल हुए कप्तान बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर आईपीएल प्लेऑफ से पहले अपने देश लौट चुके हैं। दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज खेली जाएगी लेकिन इस सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर चोट का शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में जोस बटलर को बाहर बैठना पड़ सकता है। बटलर के चोटिल होने के बाद सवाल यह है कि क्या टी20 वर्ल्ड कप तक जोस बटलर फिट हो पाएंगे? अगर जोस बटलर जोस टी20 वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं हुए तो इंग्लैंड टीम के लिए बड़ा झटका होगा।



#### पाकिस्तान के खिलाफ खेलना संदिग्ध

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच आज 22 मई को खेला जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोस बटलर पहले मैच में खेल नहीं पाएंगे। हालांकि, अब तक जोस बटलर के चोट पर अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बताते चलें कि पिछले दिनों आईपीएल के बीच जोस बटलर टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर अपने देश लौट गए।

## जूनियर हॉकी : भारत ने बेल्जियम को हराकर की शानदार शुरूआत

एजेंसी ▸▸ एंटवर्प

श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिये हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरूआत की।

तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किये। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 था लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढत दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढत कायम रही। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही बेल्जियम ने दो पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किये। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई।



## धोनी के सिक्स की बॉल गई थी स्टेडियम के बाहर, क्लासेन डीके ने भी लगाए हैं लंबे सिक्स

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 अब अपने समाप्ति की ओर अग्रसर हो चुका है। लीग स्टेज के अब तक हुए 70 मैचों के बाद प्लेऑफ के मुकाबले शुरू हो गए हैं। लीग स्टेज में हुए सभी 70 मैचों के दौरान कुल 1208 छक्के लगे हैं। आईपीएल के इतिहास में यह किसी भी सीजन के सबसे ज्यादा सिक्स हैं। इन मैचों में ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सबसे लंबे छक्के लगाए हैं। इस सीजन महेंद्र सिंह धोनी के नाम सबसे बड़ा छक्का है। उन्होंने 110 मीटर दूर गेंद को भेजा था, जो स्टेडियम के बाहर जाकर गिरी थी। यश दयाल के खिलाफ लगा यह सिक्स इस सीजन फैंस को खूब पसंद आया।

---

### पावरप्ले के 6 ओवरों में बने 125 रन, लगे सबसे ज्यादा शतक

## पांच अद्भुत रिकॉर्ड, आईपीएल के इस सीजन को बना दिया ऐतिहासिक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन यानी आईपीएल 2024 अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। लीग स्टेज के सभी 70 मैच हो चुके हैं। आईपीएल 2024 कई मायनों में खास है। लीग स्टेज के हर मैच में ऐसा कुछ न कुछ हुआ, जिसने रिकॉर्ड बना दिया। इस सीजन 5 ऐसे अद्भुत रिकॉर्ड बने, जिन्होंने इस सीजन को ऐतिहासिक बना दिया। ये रिकॉर्ड बताते हैं कि साल 2008 से लेकर अब तक पिछले 16 साल में यह लीग कितना बदल गया है।




#### अब तक 1208 छक्के, 1 मैच में औसतन 17 लगे

आईपीएल 2024 इस सीजन छक्कों की बारिश हुई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 2008 से 2023 तक 16 साल को मिलाकर औसतन हर 1 मैच में 12 छक्के लग रहे थे, लेकिन इस सीजन हर एक मैच में छक्कों की औसत 17 है। लीग स्टेज खत्म होने तक इस सीजन 1208 छक्के लग चुके हैं, जो एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा हैं।

#### हर 5वें मैच में लगा शतक



आईपीएल 2024 ऐसा सीजन रहा, जिसमें सबसे ज्यादा शतक लगे हैं। अब तक 14 शतक लग चुके हैं, जो पिछले 17 साल के इतिहास में एक सीजन के सबसे ज्यादा हैं। इस बार 1 शतक के लिए मैचों का औसत 5 रहा। यानी हर 5 वें मुकाबले में एक सेंचुरी बनी।

#### पावरप्ले का हाई स्कोर बना

आईपीएल 2024 में पावरप्ले का बेस्ट स्कोर भी बना। इस सीजन एसआरएच ने दिल्ली के खिलाफ 6 ओवरों में 125 रन कूटे। यह टी 20 इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। साल 2008 में 78 रन हाई स्कोर था।

#### पहली पारी का एवरेज स्कोर 191

पहली पारी का एवरेज स्कोर भी इस सीजन पिछले 17 सालों में सबसे ज्यादा रहा। इस सीजन 191 रन बने हैं। साल 2008 में यह आंकड़ा 161 रन था। पिछले साल 183 रन पहली पारी का औसत स्कोर था, लेकिन इस सीजन सबसे हाई रहा।

#### पावरप्ले औसत स्कोर 55

बता दें कि आईपीएल 2024 में सभी टीमों का पावरप्ले स्कोर एवरेज 55 रहा है। साल 2008 में यह 46 का था। 17 साल के इतिहास में यह सबसे ज्यादा है


## गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम कीर्ति D/o गोपल सिंह R/o मकान नं.70ए, आशा राम गली के पास मेन रोड, मण्डावली, दिल्ली उम्र 24 साल जो कि 23.06.2017 को दोपहर 2 बजे अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत FIR No.393/17 u/s 365 IPC दिनांक 01.09.2017 थाना मण्डावली, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:
रंग: गोरा, कद: 5'6", जिसने सफेद रंग की टी-शर्ट और काले रंग की जींस पहनी है।


कीर्ति

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष मण्डावली, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/-
थानाध्यक्ष: मण्डावली, दिल्ली
फोन: 011-22720808, 22720809
मो.: 8750870628

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./4503/पूर्वी जिला/2024

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अज्ञात, **पुत्र:** अज्ञात, **पता:** अज्ञात, **उम्र:** लगभग 60 साल, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 6 इंच, **रंग:** गेहुआ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा:** काले रंग का हाफ शर्ट व काले रंग की हॉफ निक्कर एवं पैरों में चप्पल पहने हुए है दिनांक 15.05.2024 को थाना क्षेत्र सदर बाजार, नई दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 25A, dated 15.05.2024** थाना सदर बाजार, नई दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना– सदर बाजार, नई दिल्ली**
**फोन: 011-23512411, 8750870124**

**DP/6016/N/2024 (UIDB)**

# ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत पर यूएनएससी में रखा गया मौन, श्रद्धांजलि पर भड़का इजराइल बोला- तो क्या हिटलर की पुण्यतिथि पर भी मौन रखा जाएगा?

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलिकॉप्टर क्रेश में हुई मौत की खबर दुनियाभर में चर्चा में है। भारत सहित कई देशों ने राजकीय शोक का भी ऐलान किया है। इस मामले पर सबसे ज़्यादा चर्चा इजराइल की प्रतिक्रिया को लेकर भी हुई। खबर यह है कि जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में इब्राहिम रईसी को श्रद्धांजली देते हुए मौन रखा गया तो इजराइल ने इसका विरोध किया।






### अमेरिका ने रखा मौन

इजराइली प्रतिनिधि ने कहा, 'अगला कदम अब क्या होगा? क्या अब हिटलर की पुण्यतिथि पर मौन रखा जाएगा? ऐसा लगता है कि यूएनएससी ही वैश्विक शांति के लिए खतरा बन चुकी है।' गौरतलब है कि एक तरफ इजराइल के प्रतिनिधि भड़के हुए थे तो वहीं अमेरिकी अधिकारियों ने भी ईरान के राष्ट्रपति की मौत पर मौन रखा।



### काफी तैश में आ गए एडर्न

इजराइल के प्रतिनिधि गिलाड एडर्न ने विरोध किया और कहा कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। वह काफी तैश में आ गए और आपत्ति दर्ज की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडर्न ने इस दौरान कहा कि आज रईसी की मौत पर मौन रखा जा रहा है तो यूएनएससी का अगला कदम क्या होगा? क्या हिटलर को भी श्रद्धांजली देंगे। एडर्न इस दौरान काफी हंगामा करते रहे।



### आखिरी विदाई देने जा सकते हैं उपराष्ट्रपति धनखड़

*ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अचानक निधन होने से पूरी दुनिया सदमे में है। वहीं ईरान में शोक की लहर है। इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को दफनाया जाएगा। इसी बीच, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रईसी की अंतिम विदाई में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। धनखड़ के बुधवार को ईरान रवाना होने की उम्मीद है। रईसी के सम्मान में पूरे भारत में एक दिवसीय शोक रखा गया। रईसी के सम्मान में बुधवार को ईरान में सभी काम बंद रहेंगे। ईरान के उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को पूर्वोत्तर शहर मशहद में दफनाया जाएगा। शोक समारोहों में भाग लेने के लिए अलग-अलग शहरों से आए हुए आग्रह को ध्यान में रखते हुए, मंगलवार से शुक्रवार तक सभी स्टूडेंट्स के पेपर रद्द कर दिए गए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने सोमवार को इस घटना पर पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।*

### इसलिए भड़क उठा इजराइल

सोशल साइट एक्स पर एक पोस्ट लिखते हुए गिलाड एडर्न ने लिखा,आपने सही देखा, यूएन सुरक्षा परिषद लोगों की हत्या में शामिल रहे ईरान के राष्ट्रपति की याद में मौन रख रहा है। यह कितना भद्दा है। फिलहाल ईरान की ओर से इजराइल के प्रतिनिधि के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई है। चर्चा यह भी है कि ईरान के अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि राष्ट्रपति के साथ हुए हादसे की असल वजह क्या थी। इस दौरान इस पहलू की जांच भी की जा सकती है कि इसके पीछे इजराइल या मौसाद की भूमिका तो नहीं है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने पहली बार 2017 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था। हालांकि तब वह अपने विरोधी हसन रूहानी से चुनाव हार गए थे। इसके बाद इब्राहिम 2021 में दोबारा चुनाव लड़ा और 62 प्रतिशत वोट पाकर पहली बार ईरान के राष्ट्रपति बने थे।

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से 4 लड़कियों की मौत



**भावनगर।** गुजरात के भावनगर के सिदसर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां सिदसर की बोर झील में 4 लड़कियों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, एक लड़की को बचा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए 5 लड़कियां बोर झील में नहाने गई थीं। इनमें से चार लड़कियों की डूबने से मौत हो गई है। लड़कियों के शवों को अस्पताल ले जाया गया है।

### फ्लाइट से टकराए पक्षी 40 फ्लेमिंगो की मौत



**मुंबई।** के घाटकोपर इलाके में कम से कम 40 फ्लेमिंगो (राजहंस) मृत पाए गए हैं। बताया गया कि मुंबई से दुबई जा रही एमिरेट्स फ्लाइट ईके 508 की चपेट में आने से इन पक्षियों की मौत हुई। इस विमान में 310 यात्री सवार थे। सूत्रों ने कहा कि ईके 508 ने रात 9.18 बजे आगमन पर एक पक्षी के टकराने की सूचना दी। जिससे फ्लाइट को नुकसान हुआ है, विमान ने मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड किया।

### नेतन्याहू के खिलाफ जारी हो सकता है अरेस्ट वारंट

**तेलअवीव।** हमास के साथ जंग के बीच इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है। उन पर हमास जंग में युद्ध अपराध का आरोप है। आईसीसी के चीफ प्रॉसिक्यूटर करीम खान ने कोर्ट में नेतन्याहू और इजराइल के रक्षा मंत्री के खिलाफ अरेस्ट वारंट की मांग की है।



## लंदन से सिंगापुर जा रही थी फ्लाइट

# सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में टर्बुलेंस से दहशत में आए 1 यात्री की मौत, 30 घायल

- 30 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस आया, फ्लाइट जोर से हिली
- टर्बुलेंस की वजह से फ्लाइट को बैंकॉक डायवर्ट किया गया
- बैंकॉक में करानी पड़ी आपात लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर एयरलाइन की फ्लाइट में एयर टर्बुलेंस की वजह से एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 30 घायल हो गए। फ्लाइट लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ईआर फ्लाइट ने लंदन से उड़ान भरी थी। टेकऑफ के डेढ़ घंटे बाद 30 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस आया। फ्लाइट जोर से हिलने लगी।

ब्रिटिश मीडिया के मुताबिक, टर्बुलेंस कुछ समय तक बने रहने की वजह से फ्लाइट को बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के सुवर्नभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां के लोकल समय के मुताबिक, दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर फ्लाइट लैंड हुई। हालांकि, तब तक डर की वजह से एक पैसेंजर की मौत हो गई।

### क्या होता है टर्बुलेंस?

*विमान में टर्बुलेंस या हलचल का मतलब होता है- हवा के उस बहाव में बाधा पहुंचना, जो विमान को उड़ने में मदद करती है। ऐसा होने पर विमान हिलने लगता है और अनियमित वर्टिकल मोशन में चला जाता है यानी अपने नियमित रास्ते से हट जाता है। इसी को टर्बुलेंस कहते हैं। कई बार टर्बुलेंस से अचानक ही विमान ऊंचाई से कुछ फीट नीचे आने लगता है। यही वजह है कि टर्बुलेंस की वजह से विमान में सवार यात्रियों को ऐसा लगता है, जैसे विमान गिरने वाला है। टर्बुलेंस में प्लेन का उड़ना कुछ हद तक वैसा ही है, जैसे-उबाड़-खाबड़ सड़क पर कार चलाना। कुछ टर्बुलेंस हल्के होते हैं, जबकि कुछ गंभीर होते हैं।*



विमान के भीतर काफी टूटफूट हुई और यात्रियों का सामान भी बिखर गया। वहीं कई यात्रियों को चोटें आईं और वे खूना खून हो गए

### फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य थे

*फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। फ्लाइट शाम 6 बजकर 10 मिनट पर सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरने वाली थी। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंची। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मारे गए यात्री के परिजनों के प्रति शोक जताया है।*

### बेंगलुरू एयरपोर्ट में वाहनों की एंट्री फीस लगाने का फैसला वापस

बेंगलुरू इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एयरपोर्ट पर वाहनों की एंट्री पर फीस लगाने वाले फैसले को वापस लिया है। ड्राइवर्स के विरोध, यात्रियों के गुस्से और व्यापक पैमाने पर हो रही आलोचना के बाद फैसला हुआ।

### खड़े यात्री को लेकर उड़ी इंडिगो की फ्लाइट

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सामने आई। सुबह करीब आठ बजे मुंबई से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में क्रू मेंबर को एक शख्स एयरक्राफ्ट के सबसे आखिर में खड़ा दिखाई दिया। उस समय तक जहाज उड़ान भरने ही वाला था। जैसे ही क्रू ने यात्री को खड़े हुए देखा तो पायलट को जानकारी दी। इसके बाद फ्लाइट को वापस टर्मिनल पर लाया गया।

## लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल

# शोम्पेन जनजाति के लोगों ने किया पहली बार मतदान




### आनंद महिंद्रा ने शेयर की तस्वीर

प्रसिद्ध उद्योगपति महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने इसकी एक तस्वीर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा- 'ग्रेट निकोबार में शोम्पेन जनजाति के सात लोगों में से एक, जिन्होंने पहली बार मतदान किया.' उन्होंने इस तस्वीर को '2024 के चुनावों की सबसे अच्छी तस्वीर' बताया है। पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आज की खास तस्वीर. दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आपको वोट देने का सबसे बड़ा अधिकार देता है।' बता दें, आनंद महिंद्रा ने भी मुंबई में सोमवार को वोट डाला था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पहली बार शोम्पेन जनजाति के सात सदस्यों ने पिछले दिनों केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। ये भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम जन की भागीदारी की तरफ एक बड़ा कदम है।

### भारत पहुंचा कोरोना का नया वेरिएंट, मिले 324 केस

**नई दिल्ली।** कोरोनावायरस के पूरे देश में अब तक 324 नए केस सामने आए हैं, जिसमें से 290 केस कोरोना के नए वेरिएंट केपी.1 केपी.2 के हैं। बता दें कि केपी.1 कोरोना के जेएन 1 ओमिक्रॉन वेरिएंट का एक सब वेरिएंट है, जिसने सिंगापुर में काफी तबाही मचाई थी। अब तक भारत में केपी.1 वेरिएंट के करीब 34 मामले सामने आए हैं। हालांकि अभी तक किसी मरीज के अस्पताल में भर्ती होने की कोई खबर नहीं है।

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला**

## एनआईए ने कई राज्यों में कई ठिकानों पर डाले छापे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले की जांच के संबंध में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कई राज्यों में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हो गए थे। इनमें से कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। अधिकारी ने बताया कि अपराध में शामिल लोगों के साथ कुछ संदिग्धों के संबंधों की जानकारी के आधार पर छापेमारी की गई। अधिकारियों ने कहा कि जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें बेंगलुरु के कुमारस्वामी लेआउट और बानाशंकरी भी शामिल थे। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि काई राज्यों के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। बता दें कि एनआईए को तीन मार्च को यह मामला सौंपा गया था। एजेंसी ने 12 अप्रैल को इस मामले के सरगना अब्दुल मथीन अहमद ताहा सहित दो को गिरफ्तार किया था। ताहा, मुसाविर हुसैन शाजिब और अन्य एक आरोपी को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था।



### त्राल में आतंकवादी छिपे होने की आशंका

**जम्मू।** पुलवामा जिले के त्राल के वन क्षेत्र में आतंकवादियों के होने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि त्राल के जंगली इलाके में तीन से चार से आतंकवादी छिपे हुए हैं।



### जयशंकर ने ईरानी दूतावास में शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और मेरे सहयोगी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के दुखद निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने के लिए मंगलवार को दिल्ली में ईरान के दूतावास का दौरा किया। उन्हें हमेशा भारत के दोस्तों के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने भारत-ईरान संबंधों के विकास में बहुत योगदान दिया। भारत सरकार इस कठिन समय में ईरान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

**यूएनएससी ने रूस को दिया झटका**

## अंतरिक्ष में हथियारों पर प्रतिबंध के प्रस्ताव पर अमेरिका का अड़ंगा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने खारिज कर दिया है। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि पिछले सप्ताह रूस द्वारा प्रक्षेपित एक उपग्रह अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

गौरतलब है कि मनुष्यों के अंतरिक्ष में कदम रखने के बाद विश्व के सबसे शक्तिशाली देश इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उनके शत्रु हमला करने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग कर रहे हैं। सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक परिपाटी की निंदा कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा परिषद इसके विरुद्ध कदम उठाने में विफल साबित हुआ है। पिछले महीने सुरक्षा परिषद में रूस के प्रतिद्वंदी अमेरिका और जापान द्वारा रखा गया प्रस्ताव खारिज हो गया था। सोवियत संघ और अमेरिका ने 1961 में इंसान को अंतरिक्ष में भेजा था। छह वर्ष बाद सोवियत, अमेरिका और ब्रिटेन ने एक संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसमें बाहरी अंतरिक्ष को वैश्विक सार्वजनिक क्षेत्र घोषित किया था, जिसका उपयोग केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109